
हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 28 फरवरी 2025



## खबर संक्षेप

### डोंगरगढ़ पहाड़ी पर लगी आग, वन अमले ने बुझाया



**राजनांदगांव।** गर्मी के शुरूआती दिनों से पहले ही जंगल,पहाड़ियों में आग लगने का सिलसिला शुरू हो गया है। जिले के डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर पहाड़ी के एक छोटे हिस्से में गुरुवार को सूखी झाड़ियों और पत्तों में आग लग गई। पहाड़ी से धुंआ उठता देखा लोगों ने वन विभाग को सूचित किया। वन अमले ने तत्परता दिखाते हुए पहाड़ी पर पहुंचकर आग बुझाया। डोंगरगढ़ पहाड़ी पर कुछ दिन पहले भी आगजनी की घटना हुई थी।

### शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह 2 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ कलार सिन्हा समाज जिला राजनांदगांव के नवनिर्वाचित पदाधिकारी व कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आगामी 2 मार्च को ग्राम पेंडरी में रखा गया है। इसमें जिला कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण एवं त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में समाज के निर्वाचित सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्यों का सम्मान किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विशिष्ट अतिथि सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, कलार समाज के प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा, प्रांतीय संरक्षक दीपक सिन्हा शामिल होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे दीप प्रज्ज्वलन के साथ प्रारंभ होगी। उक्त जानकारी सिन्हा कलार समाज राजनांदगांव के महामंत्री गंगाराम सिन्हा ने दी।

## माय एंगल




# 3 मार्च को ग्राम पंचायत का प्रथम सम्मेलन, 810 सरपंच लेंगे शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिला, जनपद और नगरीय निकाय के साथ ही ग्राम पंचायत के प्रथम सम्मेलन की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। अविभाजित जिले की 810 ग्राम पंचायत में तीन मार्च को सरपंच शपथ लेंगे। इसके बाद आठ मार्च को पंच में से उपसरपंच का चयन किया जाएगा। खास बात यह है की यदि किसी गांव में सरपंच सामान्य वर्ग का व्यक्ति बन गया है तो उस ग्राम पंचायत में उपसरपंच एसटी, एससी या ओबीसी वर्ग से ही होगा। वहीं यदि सरपंच एसटी, एससी या ओबीसी वर्ग से होगा तो उपसरपंच का पद अनारक्षित हो जाएगा।

## आठ को उपसरपंच का चुनाव, प्रशासन ने शुरू की तैयारियां

### पांच दिन पहले सूचना देना जरूरी

ग्राम पंचायत के प्रथम सम्मेलन और उपसरपंच के निर्वाचन को लेकर जारी आदेश के अनुसार प्रथम सम्मेलन से कम से कम पांच दिन पहले सभी निर्वाचित सदस्य को सूचना देना अनिवार्य रखा गया है। इसमें सम्मेलन की तारीख, स्थल और सम्मेलन के प्रयोजन का उल्लेख जरूरी होगा।



### प्रस्तावक, समर्थक का साथ जरूरी

किसी भी ग्राम पंचायत में उपसरपंच पद के निर्वाचन में भाग लेने के लिए दावेदार के पास दो अन्य पंच का साथ होना जरूरी है। एक प्रस्तावक और समर्थक होने पर ही उपसरपंच के निर्वाचन में भाग ले पाएंगे। खास बात यह है कि एक पंच एक ही दावेदार का समर्थक या प्रस्तावक बन पाएगा।

उल्लेखनीय है कि चुनाव निपटने के बाद अब शपथ ग्रहण की तैयारिया शुरू हो गई है। ग्राम पंचायत में चुनकर आए सरपंच और पंच का शपथ ग्रहण सम्मेलन की तारीख जारी की जा चुकी है।

### तीन जिलों में 810 ग्राम पंचायत

अविभाजित जिले में 810 ग्राम पंचायत में चुनाव कराए गए हैं। इनमे 810 सरपंच और 10909 पंच गए हैं। इन 10909 पंच में से ही सभी 810 ग्राम पंचायत में उपसरपंच चुने जाएंगे। ज्ञात हो कि राजनांदगांव जिले में 404 सरपंच और 5590 पंच, खैरागढ़ जिले में 221 सरपंच और 2902 पंच और मोहला-मानपुर जिले में 185 सरपंच और 2417 पंच चुने गए हैं।

## जिला पंचायत में पहली बार कांग्रेस की भारी दुर्गति, कार्यकर्ताओं में जमकर रोष

# विधायकों की हठ से डूबी कांग्रेस की लुटिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अपनी कुर्सी को बचाने और तेरा-मेरा के चक्कर में कांग्रेस के विधायकों ने कार्यकर्ताओं की बलि चढ़ा दिया। साथ ही संगठन को उस गर्त में पहुंचा दिया है, जहां पहले कभी नहीं गया है। विधायकों की बेजा हरकतों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कांग्रेस मुक्त का सपना जिला पंचायत में साकार हो गया है। पंचायती राज व्यवस्था लागू होने के बाद पहली बार ऐसा हुआ है, जब कांग्रेस के सदस्यों की संख्या शून्य में है।

उल्लेखनीय है कि हाल में संपन्न हुए पंचायत चुनाव में कांग्रेस की जो दुर्गति हुई है, वह पहले कभी नहीं हुई थी। राजनांदगांव जिला पंचायत के 13 निर्वाचन क्षेत्र में हुए चुनाव में भाजपा के खाते में 10 सीटें आई है, तो तीन में निर्दलीय जीते हैं। पहली बार जिला पंचायत में कांग्रेस का खाता नहीं खुला है।



### संगठन पर भारी विधायक

कार्यकर्ताओं के बल पर चुनाव जीतने वाले विधायक अब संगठन और कार्यकर्ताओं पर ही भारी पड़ने लगे हैं। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण टिकट वितरण के दौरान देखने मिला था। कार्यकर्ताओं की अपेक्षा की अनदेखी और भविष्य में मिलने वाली चुनौती से बचने के लिए विधायकों ने जानबूझ कर ऐसे लोगों के नामों को आगे बढ़ाया था। जिनमें जीत की संभावना कम थी। जीत की क्षमता रखने वालों को इन विधायकों ने किनारे करने में कोई कसर नहीं छोड़ा। जिसका सीधा नुकसान कांग्रेस को जिला पंचायत चुनाव में उठाना पड़ा है। गौरतलब है कि तुमड़ीबोड़ क्षेत्र के मौजूदा सदस्य महेंद्र यादव की टिकट कटवाने के लिए विधायक साहू ने एड़ी-चोटी का प्रयास करने के साथ त्यागपत्र देने तक की धमकी दे डाला था।

सबसे हैरानी वाली बात यह है कि कांग्रेस विधायकों ने जिन्हें जिताने का दावा करते हुए अधिकृत कराया था, को जनता ने स्वीकार नहीं किया और सबको पराजय का सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के प्रभाव वाले क्षेत्र की सभी सीटों पर भाजपा को जीत मिली है। इसी प्रकार डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू की अनुशंसा से अर्जुनी में रीता नाहटा, आसरा में नीलम साहू, तुमड़ीबोड़ में होमदत्त वर्मा, बोरतलाव में रामछत्री चंद्रवंशी को अधिकृत किया गया था, जो सभी परास्त हो गए। यही हाल खुज्जी विधायक भोलाराम साहू के निर्वाचन क्षेत्र का रहा।

### कार्रवाई की उठ रही मांग

जिला पंचायत के चुनाव में कांग्रेस का सुपड़ा साफ होने के बाद विधायकों के खिलाफ नेताओं और कार्यकर्ताओं में आक्रोश की स्थिति निर्मित है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने विधायकों पर चुनाव हराने का आरोप लगाते इस्तीफा दे दिया है। जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रामक्षत्री चंद्रवंशी का चुनाव में हराने के लिए भी विधायक पर आरोप लग रहे हैं।

### बागियों ने बचाई लाज

टिकट वितरण में विधायकों की मनमानी के बाद जीत की संभावना रखने वाले कई बागी होकर चुनावी समर में आ गए। लंबे समय से कांग्रेस में सक्रिय अंगेश्वर देशमुख ने टेड़ेसरा, विभा साहू ने अर्जुनी और महेन्द्र यादव ने तुमड़ीबोड़ क्षेत्र से जीत दर्ज कर कांग्रेस की लाज बचाया है, वरना जिला पंचायत में विरोध का स्वर मुखर करने वाला कोई नहीं रहता।

## चाकू लेकर डराने वाला पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

आम स्थान पर चाकू लेकर लोगों को डराने वाले युवक को पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपी से लोहे का धारदार चाकू बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू के नेतृत्व में अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

### धारदार चाकू बरामद

पुलिस के अनुसार इसी कड़ी में विशेष अभियान के तहत 27 फरवरी को पुलिस को मोबाइल से सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति गौरवपथ बसंतपुर रोड पर हाथ में धारदार चाकू रखकर आने-जाने वाले आम जनता को डरा-धमका रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी बादल सिन्हा निवासी चौखडियापारा को घेराबंदी कर पकड़कर आरोपी के कब्जे से लोहे का पट्टीनुमा धारदार चाकू जब्त कर आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने के उपरांत आरोपी को जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू, सहायक उपनिरीक्षक गोवर्धन देशमुख, आरक्षक मोहसीन खान की सराहनीय भूमिका रही।

# पीसीसी अध्यक्ष पहुंचे भागवत के घर कहा: अध्यक्ष का इस्तीफा नामंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

पूर्व सीएम सहित कांग्रेस विधायकों पर जिला पंचायत चुनाव में भीतरघात कर चुनाव हराने का आरोप लगाकर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाले कांग्रेस नेता भागवत साहू के घर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज पहुंचे। बंद कमरे में करीब पंद्रह मिनट की बातचीत के बाद पीसीसी अध्यक्ष श्री बैज ने कहा कि श्री साहू का इस्तीफा मंजूर नहीं किया गया है। उन्हें काम करते रहने कहा गया है।

श्री बैज ने आज राजनांदगांव प्रवास के दौरान टेड़ेसरा में उनके निवास पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने चाय पर चर्चा की। इसके बाद उन्होंने उनके पूर्व में दिए इस्तीफे पर स्पष्ट तौर से कहा कि आपका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया जाता है। आप जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष पद पर यथावत बने रहेंगे। ज्ञात हो कि श्री साहू ने जिला पंचायत सदस्य चुनाव में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी के रूप में कांग्रेस के ही बागी प्रत्याशी अंगेश्वर देशमुख के हाथों हार गए थे। उसके बाद श्री साहू ने अपनी नैतिकता का परिचय देते पद से त्यागपत्र दे दिया था। जिसमें उन्होंने देखा था कि पार्टी का



प्राथमिक सदस्य बने रहेंगे, लेकिन पीसीसी चीफ श्री बैज ने दरियादिली दिखाते उनका इस्तीफा अस्वीकार कर लिया है। इस पर श्री साहू ने कहा कि पार्टी आलाकमान का जैसा आदेश होगा, वैसा करेंगे।

### नेताओं की रही उपस्थिति

इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, पूर्व शहर अध्यक्ष रमेश डाकलिया, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी, युवा आयोग के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जीतू मुदलियार, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता, पंकज बांधव, प्रदीप शर्मा, रमाकांत साहू, तुलदास साहू, डॉ. आफताब आलम, लक्की चंद्राकर, गिरीश सोनवानी, मेहुल मारू, विभा साहू, महेंद्र यादव, वीरेंद्र बोरकर, गिरीश साहू, मानव देशमुख, सुलोचना मारकंडे, राजेंद्र यादव, कपिल देवांगन, गुलशन बघेल आदि उपस्थित थे।




## देर शाम तक जुटे रहे दमकल कर्मी

# प्लास्टिक की बोरियों से भरे गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शहर के शंकरपुर क्षेत्र में आज दोपहर लगभग 1.10 बजे प्लास्टिक की बोरियों से भरे एक गोदाम में आग लग गई। राजेश देवांगन के इस गोदाम में प्लास्टिक की पुरानी बोरियों की सिलाई का कार्य होता था, जहां आसपास की महिलाएं ही कार्य करती थी।

दोपहर को जब यह महिलाएं भोजन करने अपने-अपने घर गई, तभी गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। गनीमत रही कि जिस गोदाम में आगजनी हुई उससे लगे हुए अन्य घर आसपास नहीं थे। घनी आबादी क्षेत्र नहीं होने के चलते एक बड़ा हादसा होने से बच गया, लेकिन जहां आग लगी वहां सब कुछ तबाह हो गया। इस मकान के अलग-अलग कमरों में प्लास्टिक की बोरियां भरी हुई थी।

### तोड़नी पड़ी दीवार

लगभग 3 घंटे की मशक्कत के बाद भी आग नहीं बुझता देख जेसीबी की सहायता से गोदाम की दीवार गिराई गई। इसके बाद आग बुझाने के कार्य में दमकल कर्मियों ने और तेजी लाई, लेकिन घंटों मशक्कत करने के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका।



### लोगों की भीड़ जमा

भीषण आगजनी की खबर मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचने लगे। वहीं दूर से धुंए का गुबार देखकर भी लोगों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। देखते ही देखते मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ भी जमा हो गई।

### सात घंटे मशक्कत के बाद भी नहीं बुझी आग

इस भीषण आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत की। लगभग 7 घंटे बाद भी आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका। लगभग 10 टैंकर फायर ब्रिगेड से आग बुझाने की कोशिश देर शाम तक जारी रही।

### काले धुंए का गुबार

प्लास्टिक की बोरियों में लगी इस आग की लपटे खिड़की से बाहर तक निकल रही थी। वहीं काले धुंए का गुबार लगभग 3 किलोमीटर दूर से नजर आ रहा था।

### शार्ट-सर्किट की संभावना

इस आगजनी के पीछे की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाई है, लेकिन शॉर्ट-सर्किट होने से आगजनी की संभावना जताई जा रही है। आग बुझाने के दौरान भी गोदाम में शॉट-सर्किट हुआ। वहीं मोहल्ले के कुछ लोग गोदाम के भीतर दीया जलाने की बात भी कह रहे हैं। वहीं आगजनी को लेकर गोदाम मालिक राजेश देवांगन का कहना है कि उन्हें लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

## खबर संक्षेप



### मानस गायन का आयोजन

**सड़क अतरिया।** नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा महाशिवरात्रि के मौके पर ग्राम बिरुटोला एवं गडबंजा में आयोजित मानस गायन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने पूजा अर्चना कर लोगों का आभार जताया। इस दौरान गणेश जंघेल, माखन जंघेल, लाल रोहितसिंह पुलस्त्य, कृष्णा साहू, पूरन साहू, चिंता राम, शिवा आदि मौजूद थे।

### उपाध्यक्ष के लिए बढ़ी हलचल

**डोंगरगढ़।** पालिका चुनाव में भाजपा के जीत के बाद अब उपाध्यक्ष को सुगबुगाहट शुरू हो गई है। उपाध्यक्ष पद के लिए अमित जैन एवं उमा महेश वर्मा के नाम की चर्चा है। गुटबाजी को देखते हुए दोनों में से किसके नाम पर सहमति बनती है यह विचारणीय है। इसी प्रकार .जनपद पंचायत में अध्यक्ष बनाने को लेकर कांग्रेस- भाजपा में होड़ शुरू हो गई है। भाजपा जहां 14 सदस्यों के जीतने का दावा कर रही है। वही कांग्रेस 9 खुद के होने और 2 निर्दलियों के साथ होने की बात कह रही है। कहा जा रहा है कि दोनों पार्टी के 9- 9 सदस्य जीते हैं।निर्दलियों की संख्या 6 है। दोनों ही पार्टी निर्दलियों को जोड़कर अध्यक्ष बनाने की कवायद कर रही है।

### संतों का विहार, 46 साध्वियां आज आएंगी



**डोंगरगांव।** गुरु विद्यासागर महाराज को विनयाजंलि देने के बाद बुधवार को नगर पहुंचे संतो का गुरुवार को विहार हो गया। वही आचार्यश्री की करीब 46 शिष्याओं का कल शुक्रवार को नगर में मंगल प्रवेश होगा। लंबे अंतराल बाद आचार्य विद्यासागर जी महाराज संघ के 10 मुनियों का बुधवार को आगमन हुआ था। गुरुवार को आहार चर्या और समायिक के बाद सभी संतो ने विहार किया। वही बुधवार को चन्द्रगिरी से विहार कर आचार्य श्री की पहली शिष्य आर्यिका 105 गुरुमती माता, आर्यिका दृढ़मती माता, आर्यिका पावनमति माता सहित 46 आर्यकाओं ने रात्रि विश्राम डुंडेरा में कर गुरुवार को ओडरबांध में आहारचर्या कर विहार कर साल्हे घुघवा पहुंची। साध्वी वृंदो का नगर आगमन शुक्रवार को होगा।







## महाशिवरात्रि पर शिवालयों में हुए धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन

# निकली शिव की बारात, झूमे भक्त अभिषेक करने मंदिरों में लगी कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धर्मनगरी में महाशिवरात्रि पर्व पूर्व परंपरा के अनुरूप मनाया गया। इस मौके पर पूजा अर्चना, अभिषेक के बाद भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गई। शहर के विभिन्न जगह शोभायात्रा निकाला गया। शह के कई वार्डों में बने शिव मंदिरो में प्राण प्रतिष्ठा किया गया। दिन भर भंडारे का आयोजन जारी रहा। ट्रस्ट समिति ने प्राचीन शिव मंदिर में पूजा के लिए निःशुल्क सामग्री श्रद्धालुओं को मुहैया कराया। इसी प्रकार प्राचीन तपस्वी मंदिर, थाना चौक, पिपलेश्वर मंदिर, बस स्टैंड शिव साई मंदिर, जय स्तंभ चौक श्री राम शिव मंदिर, आरपीएफ बैरक शिव मंदिर, रेल्वे फीडर मंदिर में भक्तों ने पूजा में हिस्सा लिया।

### निकली शिव की बारात

शिवरात्रि के अवसर पर भगवान भोलनाथ की बारात निकली। बारात में भूत प्रेत, अघोरी सहित सैकडों भक्त नाचते औएर जयकारा लगाते शामिल हुए। ढोल नगाडे एवं गाजा बाजा के साथ नाचते बराती के बीच नंदी पर सवार भगवान भोलेनाथ आकर्षण का केन्द्र रहे। शोभायात्रा ढीमरपारा, भगतसिंग चौक, महाकाल सेवा समिति थाना चौक से निकाली गई। शहर के विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।



### भक्ति गीतों के साथ महोत्सव का समापन

मां बम्लेष्वरी ट्रस्ट समिति द्वारा आयोजित 3 दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव का समापन प्रख्यात गायक दिलीप सारंगी के भक्ति गीत एवं नृत्य के साथ हुआ। 3 दिवसीय कार्यक्रम में विजय शर्मा रायपुर, शहनाज अख्तर, दिलीप सारंगी ने भोलेनाथ, आदिशक्ति, माता जगदम्बे, कृष्ण, बजरंगबली के गीतों एवं जस गीतों की प्रस्तुति दिया। इस मौके पर झांकी का अलौकिक प्रदर्शन भी किया गया।ज्योत जंवारा एवं चदवा बैगा जैसे गीतो पर लोग जमकर थिरके। अंत में ट्रस्ट समिति ने गायक एवं कलाकारों को चुनरी भेंट कर सम्मानित किया।



### शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा

बुधवारी पारा वार्ड 15 में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन डुडेश्वर महादेव शिव मंदिर समिति के तत्वावधान में किया गया। सर्वप्रथम शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा और हवन का आयोजन किया गया। कथावाचक पं. जीवन प्रसाद दुबे ने शिव आराधना एवं कृष्ण भक्ति पर कथा वाचन किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामजी भारती, विनोद खांडेकर, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, अमित जैन, उमा महेश वर्मा, जसमीत सिंग, मधु अग्रवाल, परविंदर सिंग मोंटी, विशु खांडेकर, डीएकेश राव, गीता मानिकपुरी, दिलीप बिंदल, राजु ठाकुर आदि शामिल हुए।

### महाकाल यात्रा में दिखा लोगों का उत्साह

**डोंगरगांव।** नगर में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। हर साल ही तरह शिवभक्तों ने महाकाल यात्रा निकाला। शाम को त्रिनयन रुप सिरसा हरियाणा के कलाकारों ने चौक चौराहों में नयनाभिराम प्रस्तुति दी। महाकाल को वरमाला उपरांत महाप्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। महाकाल यात्रा पुराना थाना परिसरसे निकाली गई जिसमें नगर की महिलाओं व युवतियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस दौरान निकली शिव बारात में महाकाल की झाँकी, भूत पिशाच सहित अन्य शामिल हुए। उड़ीसा के संबलपुरिया बाजे ने समाँ बांधा। भ्रमण के दौरान संतोषी देवांगन परिवार ने मेनरोड में शीतल पेयजल का वितरण किया।



### कुंड में स्नान कर लोगों ने किया जलाभिषेक



**सड़क अतरिया।** महाशिवरात्रि के मौके पर चोरड़ाधाम में तीन दिवसीय मेला महोत्सव का आयोजन किया गया। पहले दिन हजारों लोगों ने कुंड में स्नान करने के बाद डोंगेश्वर महादेव को जल, दूध, फल, फूल, बेलपत्र, नारियल, धतुरा आदि अर्पित किया। शाम को पूजा अर्चना कर मया के डोरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर समिति ने लोक कलाकारों का सम्मान किया।

कार्यक्रम में जिपं सदस्य निर्मला विजय वर्मा, दिलीप ओगरे, भिगेश यादव, रोहित पुलस्त्य, अनुज साहू, आनंद पटेल, गणेश राम वर्मा आदि शामिल हुए। इस मौके पर विजय वर्मा ने कहा कि यह मेला काफी प्राचीन है। इसके विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। मंदिर समिति ने मेला महोत्सव के आयोजन के लिए कलेक्टर, एसडीएम, पुलिस विभाग एवं अन्य का आभार जताया है। आयोजन में लाल टारकेश्वर साह खुसरो, आनंद पटेल, गणेश वर्मा, कांति मंडावी, अशोक साहू, अनुज साहू, शिव पटेल, माखन जंघेल, दिलीप, लगनूराम, गनपत पटेल, रामानुज धुर्वे, भोलेराम, जितऊ पटेल, सगुन पटेल, बिसेलाल पटेल, खम्हन पटेल, सादराम, गोंडू पटेल, बालाराम जंघेल, पंचु जंघेल, आत्माराम, राधेलाल जंघेल, मनहरण पटेल, भोले, विष्णु पटेल, ईश्वर पटेल, सावंत राम, शत्रुघन, बिरजू, रामकुमार पटेल सहित अन्य का सहयोग रहा।



### निकली शिव की पालकी यात्रा

**पटेवा।** मंगलवार को मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में महाशिवरात्रि श्रद्धा के साथ मनाया गया। एक दिन पहले ग्राम में पालकी ग्रुप सिंघोला ने गीत संगीत, अघोरी, डोल बैंड, झांकी, सेवा मंडली, झांझ नृत्य के साथ बाबा चंद्रमौलेश्वर महादेव का शोभायात्रा निकालकर ग्राम का भ्रमण किया। इस दिन बाबा अर्धनारीश्वर महादेव की पूजा अर्चना के बाद महामृत्युंजय जाप किया गया। हवन पूजन के बाद प्रसादी वितरण किया गया। शाम को पुष्पांजलि महिला मानस मंडली ने रामायण पाठ किया। व रात्रि में मुनगाडीह वालों का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ।अंत में सरपंच ललित कुमार साहू ने आभार व्यक्त किया।

## आरू के भजनों में झूमे दर्शक, शिव भक्ति में डूबे रहे लोग

**घुमका।** अंचल के शिव भक्तों ने बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया। शिव मंदिरों में सूर्योदय से सूर्यास्त तक भक्तों की लाइन लगी रही। मंदिर समितियों ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन किया। नगर पंचायत में महाकाल सेना ने प्रसिद्ध गायिका आरु साहू का भजन संध्या आयोजित किया। उनके गाते हुए मंच में पहुंचने पर दर्शकों ने तालियों से स्वागत किया। कार्यक्रम रात्रि 9 से 1 बजे तक चला। उन्होंने राम आएंगे, आएंगे राम आएंगे की प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरी। लोकगीतों की प्रस्तुति नृत्य के साथ कलाकारों ने दिया। मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे थे। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य किरण विनोद बारले, किरण वैष्णव, जितेंद्र गायकवाड़, सरपंच नरेंद्र वर्मा, ललित साहू, दिलीप पटेल, राकेश साहू, नोहेन्द्र सिन्हा, डाली दुबे, योगिता चंदेल, रीमा दुबे, बीएमओ नंदकिशोर टंडन उपस्थित थे। आयोजन में महाकाल सेना के गौरव शर्मा, शुभम मिश्रा, शैलेंद्र वर्मा अनिरुद्ध प्रताप रंजन सिंह, आयुष्मान सिंह, आर्यमान सिंह, टार्जन वर्मा, तरुण पटेल, गीतांशु मानिकपुरी, तनिष्क सिंह, वासु सिंह ने सहयोग दिया।



### उल्लास से मनाया स्थापना दिवस

**डोंगरगढ़।** नगर यादव समाज के तत्वावधान में 24 फरवरी को श्री राधा कृष्ण मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण और राधा रानी की पूजा अर्चना कर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा राउत नाच, झांकी एवं कीर्तन करते हुए राधा कृष्ण मंदिर से अंडरब्रिज होते हुए जय स्तंभ चौक, टॉकीज चौक, रेलवे चौक, बुधवारी पारा, एक बत्ती पंच रास्ता, आदर्श चौक, पुराना बस स्टैंड, ठेठवार पारा, कचहरी चौक, थाना चौक, गोल बाजार होते हुए वापस मंदिर पहुंची। यहां आदर्श विवाह एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस मौके पर समाज के जिला अध्यक्ष मन्ना यादव ने समाज में संगठन और शिक्षा पर अधिक ध्यान देने की बात कही। केसीजी के जिला अध्यक्ष ईश्वर यादव ने नवयुवकों से सामाजिक गतिविधियों में सहभागी बनने का आव्हान किया।

## विदा देते हुए नम हुई छात्राओं की आंखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला छुईखदान में कक्षा 12वीं की छात्राओं को कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। कक्षा 12वीं की छात्राओं को तिलक लगाकर और बैच पहनाकर स्वागत किया गया।

छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रसंघ पदाधिकारियों सहित छात्राओं को विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। सर्वाधिक उपस्थिति के लिए कक्षा 12वीं गणित की छात्रा चरुण जंघेल को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य अनिल पाल ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इस दौरान शीतल श्रीवास्तव, शकुंतला ठाकुर, संतोषी आर्य, पुष्पलता साहू, उषा चंद्राकर, प्रियंका शेंडे, टीना चंदेल, उमेश्वरी विश्वकर्मा, प्रतिभा केसरिया, रविंद्र चौड़ा, नरेंद्र वर्मा, चंद्रहास देवांगन, एकता वर्मा, महेश कुंभकार, प्रमिला, सोमेश, सागर, सौरभ चंद्राकर, रोहित यादव, सुरेश जंघेल सहित अन्य उपस्थित थे।

## दो साल से अधिक आयु के लोगों को खिलाया जाएगा दवा

# फाइलेरिया रोग बचाव अभियान प्रारंभ पहले दिन 1156 को खिलाया दवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

फाइलेरिया रोग से मुक्ति दिलाने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने अभियान शुरू किया है जिसके तहत आगामी 13 मार्च तक 2 साल के बच्चों से लेकर बुजुर्ग व्यक्तियों को फाइलेरिया की दवाई खिलाया जाएगा।

अभियान के पहले चरण में 27 फरवरी से 2 मार्च तक स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों एवं ग्रामीणों को दवाई खिलाया जाएगा। आगामी 2 से 13 मार्च तक डोर टू डोर जाकर कर्मचारियों द्वारा दवा खिलाया जाएगा। नगर पंचायत क्षेत्र के नागरिकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा खिलाया जाएगा। दवा खिलाने के लिए गंडई सेक्टर में 74 बूथ बनाए गए हैं एवं 1 मोबाइल यूनिट का गठन किया गया है। जानकारी के अनुसार दवा खिलाने के बाद प्रत्येक हितग्राही के नाखून में स्याही का निशान लगाया जाएगा ताकि दोबारा दवाई न खिलाई जाए।

प्रत्येक ग्राम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों को बूथ लगाकर दवाई खिलाना है और फार्मेट में दवाई खाने वालों की जानकारी संग्रहित करना है। उक्त कार्य की मॉनिटरिंग स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल आफिसर, सुपरवाइजर एवं आरएचओ द्वारा किया जाएगा।

### फायलेरिया मुक्ति अभियान 13 तक



**डोंगरगांव।** फाइलेरिया से लोगों को जागरूक करने और रोग से मुक्ति के लिए ब्लाक में आगामी 13 मार्च तक दवा खिलाया जाएगा। इस अभियान की शुरूवात 27 फरवरी को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नपं अध्यक्ष अंजु त्रिपाठी, एसडीएम श्रीकांत कोराम, तहसीलदार पीएल नाग, बीएमओ डां रागिनी चंद्रे ने किया। इस मौके पर बीएमओ डां चंद्रे ने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला रोग है जिससे बचाव के लिए मुफ्त में दवा दी जा रही है। फाइलेरिया मुक्ति अभियान में मितानिन, आंगनबाड़ी एवं प्रशिक्षित वॉलेंटियर को लगाया गया है जो घर-घर जाकर दो वर्ष के अधिक आयु के लोगों को दवा की खुराक देंगे। एसडीएम श्री कोराम ने कहा कि फाइलेरिया से मुक्ति का एक मात्र माध्यम डीईसी की गोली है। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया मुक्ति अभियान को घर-घर तक लेकर जाएं ताकि कोई दवा सेवन करने से वंचित न रहे।

### एक दिन में 4856 को खिलाया दवाई

27 फरवरी को यह अभियान शुरू किया गया है। सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र गंडई अंतर्गत 1156 लोगो को दवाई खिलाया गया। इसी प्रकार गंडई सेक्टर में 37 सौ को दवाई खिलाया गया। पहले दिन कुल 4856 लोगो को दवाई खिलाया गया।

## अनिता को मिला निर्वाचन प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोरतलाब



जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 बोरतलाव से निर्वाचित अनिता मंडावी ने निर्वाचन प्रमाण पत्र रिटर्निंग ऑफिसर से प्राप्त किया। उन्होंने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में 10 वर्ष से प्रतिनिधित्व कर रही कांग्रेस की रामछतरी चन्द्रवंशी को पराजित किया था।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

जैव विविधता हॉटस्पॉट के रूप में उभर रहा है क्षेत्र

# खैरागढ़ के वेटलैंड्स में रूस से आए कॉमन क्रेन और 11 सौ से ज्यादा प्रवासी बत्तख

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

वेटलैंड सर्वेक्षण के दौरान क्षेत्र मे अद्भुत जैव विविधता सामने आई है। यह क्षेत्र केवल झीलों और तालाबों का समूह नहीं है, बल्कि दुर्लभ प्रवासी पक्षियों, मछलियों और अनमोल जलीय पौधों का महत्वपूर्ण आश्रय स्थल भी है। हजारों किलोमीटर दूर से आए पक्षी यहां विश्राम करने और भोजन के लिए रुकते हैं, जिससे यह क्षेत्र प्रदेश के एक प्रमुख जैव विविधता हॉटस्पॉट के रूप में उभर रहा है। इस वेटलैंड सर्वेक्षण का आयोजन छत्तीसगढ़ बायोडायवर्सिटी बोर्ड और वन विभाग के तत्वावधान में किया गया।

शोधकार्य में शोधकर्ता समूह के प्रतीक ठाकुर, अंजल निगम, अमित पांडेय और रवि पांडेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जबकि वानस्पतिक सर्वेक्षण का कार्य प्रसिद्ध वनस्पति वैज्ञानिक डॉ फैज़ बक्स ने किया। सर्वेक्षण से स्पष्ट होता है कि यदि इस क्षेत्र को ईको-टूरिज्म से जोड़ा जाए, तो यह जगह पक्षी प्रेमियों, शोधकर्ताओं और पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बन सकता है। इसके लिए स्थानीय समुदाय की भागीदारी बेहद आवश्यक होगी। यदि ग्रामीणों को इस क्षेत्र के महत्व के बारे में जागरूक किया जाए और पर्यटन से जोड़ा जाए, तो वे स्वयं आगे आकर इस प्राकृतिक धरोहर की रक्षा करने के लिए प्रेरित होंगे। वेटलैंड सर्वेक्षण न केवल यहाँ की जैव विविधता को उजागर करता है, बल्कि प्रकृति के इन अनमोल खजानों को बचाने की जिम्मेदारी भी याद दिलाता है। यदि इन्हे संरक्षित किया जाए, तो आने वाले वर्षों में यह प्रदेश का सबसे बड़ा पक्षी विहार बन सकता है।



### जल में कीट खाने वाला अनोखा पौधा और दुर्लभ मालाबार पाइड हॉर्नबिल भी दिखा

सर्वेक्षण के दौरान 213 प्रजातियों के पक्षी दर्ज किए गए जिनमें कई दुर्लभ प्रवासी पक्षी शामिल हैं। रूस से आने वाला कॉमन क्रेन यहां का सबसे खास पक्षी है, जिसे देखने के लिए देशभर से पक्षी प्रेमी और फोटोग्राफर यहां आते हैं। इसके अलावा, स्पूनबिल्स, 90 पेंटेड स्टॉर्क्स, 1100 से अधिक प्रवासी बत्तखें जैसे नॉर्दर्न शोवलर, यूरेशियन कल्यू और कॉमन पोचार्ड) भी यहां देखा गया। बार-हेडेड गूज़, पेरेग्रीन फाल्कन, मालाबार पाइड हॉर्नबिल, सरकीर माल्कोहा और ग्रे-हेडेड लैपविंग जैसे दुर्लभ पक्षी भी इन वेटलैंड्स में पाए गए हैं। सर्वेक्षण के दौरान केवल पक्षियों की गणना ही नहीं की गई, बल्कि पानी की गुणवत्ता की भी जाँच की गई। पर्यावरण संरक्षण के लिए स्कूलों और गांवों में जागरूकता अभियान चलाया गया ताकि स्थानीय लोग वेटलैंड्स के महत्व को समझ सकें। इसके अलावा, वेटलैंड्स के किनारे डस्टबिन और साइनबोर्ड लगाया गया ताकि लोग यहाँ कचरा न फैलाएँ और साफ-सफाई बनी रहे। वेटलैंड्स में केवल पक्षी ही नहीं, बल्कि कई अद्भुत जलीय पौधे और मछलियाँ भी मौजूद हैं। यहाँ यूट्रीकुलेरिया नामक कीटभक्षी पौधा पाया गया, जो पानी में मौजूद छोटे-छोटे कीड़ों को खाकर जल को स्वच्छ करता है। इसके अलावा, नाजास, वेलिसनेरिया और लिम्नोफिला जैसे जलीय पौधे प्रवासी बत्तखों के भोजन का मुख्य स्रोत हैं। मछलियों की भी कई महत्वपूर्ण प्रजातियाँ यहाँ पाई गईं, जिनमें रोहू, कतला, पोठी, मोला और टेंगना प्रमुख हैं। ये शिकारी पक्षियों के भोजन का अहम हिस्सा हैं और स्थानीय पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में मदद करती है।

## पनियाजोब में नया पॉवर ट्रांसफार्मर क्रियाशील



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत नगरीय एवं ग्रामीण अंचलों में समुचित वोल्टेज पर निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्यमान उपकेन्द्रों में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में डोंगरगढ़ उपसंभाग के ग्राम पनियाजोब में स्थित 33/11 केव्ही उपकेन्द्र में विद्यमान 3.15 एमव्हीए के पॉवर ट्रांसफार्मर का क्षमता में वृद्धि करते मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत 59 लाख 76 हजार रुपए की लागत से 5 एमव्हीए का नया पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर चार्ज किया गया। इस प्रकार पनियाजोब उपकेन्द्र की क्षमता 3.15 एमव्हीए से बढ़कर 5 एव्हीए हो गया है।

### किसानों को मिलेगा लाभ

विद्युत कंपनी के उच्चाधिकारियों के विशेष प्रयासों से विद्युत विकास के लिए स्वीकृत इस कार्य से पनियाजोब उपकेन्द्र के परिधि में आने वाले डोंगरगढ़ ग्रामीण क्षेत्र के किसानों तथा उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। ग्राम पनियाजोब उपकेन्द्र में स्थापित 5 एमव्हीए का नया पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकरण से लगभग 2425 उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा।

## पशु कल्याण के लिए अखिल को मिला प्राणी मित्र पुरस्कार



■ एडब्ल्यूबीआई ने गौ सेवा के लिए देश के सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

धरमपुरा वार्ड स्थित मनोहर गौशाला के ट्रस्टी डॉ अखिल जैन को पशु कल्याण व संरक्षण के लिए भारतीय पशु कल्याण बोर्ड ने देश के सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्राणी मित्र से सम्मानित किया है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल, जॉर्ज कुरियन, एडब्ल्यूबीआई के चेयरमैन अभिजीत मित्र ने उन्हें सम्मानित किया।

इस दौरान गौवंशों के लिए किए जा रहे उनके कामों का दो मिनट का वीडियो भी दिखाया गया। गौरतलब है कि पेशे से कपड़ा व्यापारी अखिल जैन 24 घंटे गौसेवा के लिए समर्पित है। गाय शब्द में आय छिपा है। इस ध्येय के साथ गौ सेवा करते हैं। गाय और उसकी उपयोगिता उनके लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण है। उनका कहना है कि गाय मात्र पशु जनने वाली इकाई नहीं, बल्कि समूचा प्रकृति चक्र है। मनोहर गौशाला में बीमार और बूढ़े हो चुके गौवंशों को विशेष आसरा दिया जाता है। इसके साथ ही गोबर और गोमूत्र से बने उत्पाद को बढ़ावा दे रहे हैं। गोमूत्र से बने फसल अमृत और मनोहर आर्गेनिक गोल्ड का खेती में उपयोग हो रहा है। इसका प्रमाण खुद इंदिरा गांधी कृषि विवि ने दिया है। इसके अलावा गौ उत्पादों में टेबलेट, मूर्ति, चटाई, अगरबत्ती, माला का निर्माण किया जा रहा है। उनकी दुकान में आने वाली चंद्रमणि नामक गाय ने उन्हें विश्व ख्याति प्रदान की है। हाल ही में उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण से भी सम्मानित किया गया है।

### भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड

भारतीय जीव जन्तु कल्याण बोर्ड देश भर में पशु कल्याण कानूनों पर एक वैधानिक सलाहकार निकाय है और देश में पशु कल्याण को बढ़ावा देता है। बोर्ड की स्थापना जीव जन्तुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 4 के अधीन सन 1962 में प्रख्यात मानवतावादी स्व रूक्मिणी देवी अरूंडेल के नेतृत्व में प्रारंभ किया गया था। बोर्ड जीव जन्तु कल्याण संबंधी प्रावधानों का सुचारू रूप से पालन सुनिश्चित करने, जीव जन्तु कल्याण संगठनों को अनुदान प्रदान करने के साथ-साथ जीव जन्तु कल्याण संबंधी मामलों पर भारत सरकार को सलाह भी देता है। बोर्ड बीते साठ सालो से देश में पशु कल्याण में अपनी प्रमुख भूमिका निभा रहा हैं। सेवाओं के माध्यम से बोर्ड सुनिश्चित करता है कि देश में पशु कल्याण कानूनों का बेहतरी से पालन हो।

## फागुन महोत्सव 8 मार्च से

**राजनांदगांव।** खाटूवाले श्याम प्रभु के महत्वपूर्ण उत्सवों में फागुन महोत्सव का विशेष स्थान है। श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा इस वर्ष खाटू वाले श्याम प्रभु का फागुन महोत्सव पर चार दिवसीय भव्य कार्यक्रम किए जाने की व्यापक तैयारिया की गई है। महोत्सव 8 मार्च से शुरू होगा। समिति के अनुसार इस वर्ष फागुन महोत्सव के अवसर पर 23वीं निशान यात्रा 01 मार्च को 50 श्रद्धालु माता-बहनें एवं बंधु निशान लेकर खाटु श्याम को समर्पित करने जाएंगे। संस्कारधानी नगरी में 30वां फागुन महोत्सव 8 से 11 मार्च तक चार दिवसीय आयोजन के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर दुग्धाभिषेक, निशान यात्रा, भव्य भजन संध्या के साथ ही श्री श्याम ज्योति अखंड पाठ एवं भंडारा प्रसादी आयोजित किया जाएगा। श्री श्याम परिवार मित्र मंडल के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल के अनुसार खाटूधाम (उदयाचल प्रांगण) में आयोजित फागुन महोत्सव के प्रथम दिवस 8 मार्च को सुबह 10 बजे श्री श्याम प्रभु का दुग्धाभिषेक एवं श्याम नाम की मेहंदी लगाई जाएगी। दोपहर 4.30 बजे उदयाचल से भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी, जो भजन सत्संग के साथ नगर भ्रमण करते वापस खाटूधाम उदयाचल पहुंचेगी।

### इत्र, केसर एवं फूलों की खेली जाएगी होली

अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी, छप्पनभोग का प्रसाद लगाया जाएगा, भजन के दौरान इत्र, केशर, गुलाब जल एवं फूलों की होली खेली जाएगी। प्रतिदिन रात्रि में जलपान प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। प्रतिदिन के श्रृंगार, पान भोग, छप्पनभोग एवं प्रसादी के यजमान बनाए जा रहे हैं। 11 मार्च की महाप्रसादी के लिए अनेक भक्तों ने सवामनी प्रसादी हेतु अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। भजन प्रारंभ होने के पूर्व प्रभु के भव्य दरबार के समक्ष अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। जिसमें प्रत्येक भक्त माता-बहनें एवं बंधु आहुति दे सकेंगे। उक्त महोत्सव को भव्यता प्रदान करने एक महत्वपूर्ण बैठक मंडल के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में गोपाल अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, अशोक लोहिया, संतोष हुंका, अशोक अग्रवाल, अरुण खंडेलवाल, संतोष महोबिया, जयराज चौथवानी, राहुल लोहिया, हर्ष लोहिया, प्रतीक अग्रवाल, आशीष अग्रवाल सहित अन्य श्याम भक्त उपस्थित थे।

## सांसद पांडे ने स्कूली बच्चों को दवा खिलाकर फाइलेरिया मुक्त अभियान का किया आगाज

■ कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने आमजन से फाईलेरिया की दवा लेने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सांसद संतोष पांडे ने शासकीय कन्या उच्चर माध्यमिक शाला खैरागढ़ में फाइलेरिया मुक्ति अभियान की शुरुआत की। उन्होंने स्कूली बच्चों को दवा खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा भी उपस्थित रहें।

सांसद श्री पांडे और कलेक्टर श्री वर्मा ने भी फाइलेरिया की खुराक ली। इस दौरान सांसद संतोष पांडे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हाथी पांव जैसी बीमारी के गंभीर परिणाम से अवगत कराया। वही स्कूली बच्चों को फाइलेरिया की



दवाई लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही जनसमुदाय से भी फाईलेरिया की दवा लेने की अपील की। कलेक्टर श्री वर्मा ने भी हाथी पांव जैसी गंभीर बीमारी के खात्मे के लिए फाईलेरिया की दवाई का सेवन करने की अपील की है।

इस अवसर पर नगर पालिका खैरागढ़ अध्यक्ष श्रीमती गिरिजा चन्द्राकर, बिसेसर दास साहू, पार्षद श्रीमती खेमिन कोठले, पार्षद राकेश गुप्ता, पार्षद विनय देवागन, बीएमओ डॉ. विवेक बिसेन सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिकगण एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### चलाया जा रहा विशेष अभियान

स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिए जा रहे दिशा निर्देशों व हिदायतों को ध्यान में रखते हुए दवा की खुराक ले। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि फाइलेरिया यानी हाथी पांव की बीमारी मच्छर के काटने से होती है। इस बीमारी का इलाज नहीं है। केवल दवा सेवन से ही इसे रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह अभियान तीन चरणों में चलेगा। पहले चरण में 27 फरवरी से 2 मार्च तक बूथ स्तर पर दवा वितरण होगा। दूसरे चरण में 3 से 10 मार्च तक घर-घर जाकर दवा दी जाएगी। तीसरे चरण में 11 से 13 मार्च तक मापअप राउंड होगा।

## सी टॉप फाउंडेशन एकेडमिक प्रोग्राम आयोजित

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में 6वीं से 9वीं तक के विद्यार्थियों के लिए सी टॉप फाउंडेशन एकेडमिक प्रोग्राम सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। 31 जनवरी को हुए सी-टॉप फाउंडेशन ग्रेंड टेस्ट के कक्षा 6वीं के वर्ग में प्रथम सूर्यांश कम्पा, द्वितीय हार्दिक माहेश्वरी, डेविश मरावी रहे। कक्षा सातवीं के वर्ग में प्रथम ऋषा जैन, द्वितीय धैर्य बागड़ी तथा कक्षा आठवीं के वर्ग में प्रथम आसिफ हुसैन, द्वितीय रैनी जैन रहे। इसी तरह कक्षा 9वीं के वर्ग में प्रथम ओजस श्रीवास्तव, द्वितीय वैदिक पटेल रहे। इन विद्यार्थियों को सम्मानित राशि और सर्टिफ़िकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि संस्था प्राचार्य डॉ. मधु पी. चौधरी के मार्गदर्शन में संस्था में यह प्रोग्राम सफलतापूर्वक



संचालित होने के एक वर्ष पूर्ण हो गए हैं। इसकी सफलता को देखते नगर के अन्य विद्यालय भी अपने विद्यार्थियों के लिए यह प्रोग्राम लागू किया है। शिक्षकों के अथक प्रयासों से युगांतर में गुणवत्तायुक्त शिक्षा पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। सी-टॉप एकेडमिक प्रोग्राम अर्थ ही यह है कि बच्चों को वह योग्यता हासिल हो। जिससे वो नीट तथा जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षा में समर्थ हो सके। इस दिशा में छठवीं की कक्षाओं से ही विद्यार्थियों के फाउंडेशन को मजबूत बनाने ध्यान दिया जा रहा है। इसके अलावा बच्चे इन कक्षाओं में दिन-प्रतिदिन समस्याओं को हल करने के लिए मूलभूत संख्यात्मक विधियों और विश्लेषण का उपयोग करने की क्षमता को ग्रहण कर सके, इस दिशा में भी कार्य किया जाएगा। इन कौशलों में आयु उपयुक्त पाठ को समझने तथा आयु उपयुक्त गणित को हल करने की क्षमता भी शामिल है।

### हो रहे लाभांवित

विद्यार्थियों को एक्टिविटीज बेस लर्निंग कराई जा रही है। इससे उनका लर्निंग आउटकम बेहतर हो रहा है। नए फ्रेम वर्क के जरिये बच्चों को फिजिक्स, केमेस्ट्री, मैथ्स, बायो में दक्षता में निपुण करने के साथ-साथ उन्हें एक नया विजन और लर्निंग का नया तरीका प्रदान किया जा रहा है। इससे विद्यार्थीगण लाभान्वित हो रहे हैं। संस्था के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया सहित युगांतर परिवार ने सी-टॉप एकेडमिक प्रोग्राम की फाउंडेशन क्लासेस सफलतापूर्वक संचालित होने पर हर्ष प्रकट किया है।

## आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए परीक्षा 2 को

**राजनांदगांव।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 2 मार्च 2025 को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया है। जिले में प्रवेश परीक्षा के आयोजन के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेंड्री, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुजराती राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक शाला एवं जेएमजे उच्चतर माध्यमिक शाला कुल 4 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें 1009 विद्यार्थी शामिल होंगे। प्रवेश चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए जिन विद्यार्थियों का फार्म स्वीकृत किया गया है, वे एकलव्य विद्यालय के वेबसाईट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

एजेंसी / सब एजेंसी देना है
हरिभूमि समाचार पत्र को राजनांदगांव जिला अंतर्गत ग्रामीण सेंटर कोलिहापुरी, मेढ़ा, खपरी, जोगीदल्ली, बढ़ईटोला में एजेंसी/सब एजेंसी देना है।
इच्छुक व्यक्ति तत्काल संपर्क करें.
हरिभूमि कार्यालय, राजनांदगांव
दुर्गा चौक राजनांदगांव
मो. 8319268069, 9406011476

भोग भंडारा साथ किया कीर्तन, ग्रामीणों ने की प्रशंसा

# ग्रामीणों संग जवानों ने मनायी महाशिवरात्रि

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

आईटीबीपी जवानों ने ग्रामीणों संग महाशिवरात्रि के अवसर पर भजन कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया इस दौरान नशामुक्ति कार्यक्रम में नशा न करने का भी संदेश दिया। 40वीं वाहिनी आईटीबीपी कटेमा कैंप में पहली बार ग्रामीणों संग जवानों ने बाबा भोलेनाथ के जयकारों के बीच कैम्प परिसर के मंदिर में भजन कीर्तन किया।

गौरतलब है कि कई दशकों से नक्सली गतिविधियों से त्रस्त लोगों में आईटीबीपी कैम्प गॉव के पास खुलने से एक साल से राहत की सांस ले रहे ली है। ग्रामीण कटेमा इलाके में निर्भीक होकर जीवन



यापन कर रहे हैं और आईटीबीपी के जवानों के साथ मिलकर सरकार द्वारा जनहित में चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान, नशा मुक्ति अभियान, पर्यावरण संरक्षण अभियान और संक्रमित बीमारियों की रोकथाम के प्रति जागरूकता कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर भाग ले रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि कैम्प खुलने से नक्सलियों के इलाके में आवागमन में रोक के साथ-साथ विकास कार्यों को गति मिली है। गांव में बिजली आपूर्ति की पुरानी मांग जल्द पूरी होने की संभावना है। कटेमा से महाराष्ट्र के मुरकुडो गांव तक सड़क निर्माण कार्य भी शुरु होने वाला है और ये सब कैम्प खुलने के कारण ही संभव हो पाया है। ग्रामीणों ने 40वीं वाहिनी के कमांडेंट अनंत नारायण दत्ता के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और भंडारे के लिए कैंप कमांडर श्याम लाल भट्ट का आभार जताया।

### नशा न करने की समझाइश दी

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 40वीं वाहिनी के कमांडेंट अनंत नारायण दत्ता के कुशल निर्देशन एवं कैंप कमांडर श्यामलाल भट्ट के नेतृत्व में कैम्प में एकत्रित लच्छना पंचायत के ग्राम कटेमा व लछनाटोला के लगभग 100 ग्रामवासियों को शराब, महुआ, भांग, चरस, तंबाकू, गुटखा इत्यादि तमाम नशीली वस्तुओं के सेवन से परहेज करने की सलाह दी गइ्र। इन सब नशीली वस्तुओं से होने वाले तन तथा धन के नुकसान के बारे मे विस्तार से बताया और अत्यधिक नशा करने वाले कुछ व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें उचित परामर्श देने नशा मुक्ति परामर्श केंद्र से संपर्क कर नशे से हमेशा के लिए छुटकारा पाने की सलाह दी गयी। इस अवसर पर सरपंच कमलेश वर्मा, निरीक्षक मंटू कुमार, मंगल उरांव, उप निरीक्षक यशपाल, सुरेश, रूप सिंह, मुख्तियार सिंह, राजेन्द्र, हेड कॉन्स्टेबल धर्मेन्द्र भदौरिया, नीतेश ओझा, संजय, गिरीश, राकेश सहित समस्त हिमवीर उपस्थित थे।

## निबंध और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस कॉलेज की हिंदी विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के संयुक्त तत्वाधान में मातृभाषा दिवस पर विद्यार्थियों के बीच निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रतियोगिता की थीम मातृभाषा के संरक्षण एवं संवर्धन में युवाओं की भूमिका पर विद्यार्थियों ने अपने-अपने विचार तथा वक्तव्य रखा। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में भाषायी और सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिता का प्रसार करना है। भाषा की मनुष्य के जीवन में अहम भूमिका है। भाषा के माध्यम से ही देश ही नहीं, बल्कि विदेशों के साथ संवाद स्थापित किया जा सकता है, इसलिए विद्यार्थियों में प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि दुनियाभर में भाषा एक ऐसा साधन है, जो लोगों को एक-दूसरे से जोड़ता है और उनकी संस्कृति को प्रदर्शित करता है। एक देश में कई मातृभाषा हो सकती है। भारत में ही 122 ऐसी भाषाएं हैं। जिनको बोलने वालों की संख्या 10000 से ज्यादा है। भारत विविध संस्कृति और विभिन्न भाषाओं का देश है।

EASY EMI स्कीम के संग लेकर आइए केवल
आधार कार्ड
पैन कार्ड
ले जाइये अपना मनपसंद कम्प्यूटर, लैपटॉप आसान किश्तों में
- Services -
Formatting, Software Installation, C.C.T.V. Camera
Annual Maintenance Contract
hardware Trouble Shooting, Cartridge Refilling
All types of Printer Repairing
All Accessories Available
SONY VAIO intel Canon IBM ASUS DELL acer lenovo hp SAMSUNG
नोट :- हमारे यहां नये पुराने सभी प्रकार के कम्प्यूटर, लैपटॉप उपलब्ध है।
पेन्टीयम कम्प्यूटर
गणेश बाड़ा, हाई स्कूल के सामने, डोंगरगढ़
9827960529, 07823&233123

# आठ मार्च को शपथ के बाद टाउन हाल में होगा निगम अध्यक्ष का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम राजनांदगांव के नव निर्वाचित महापौर श्री मधुसूदन यादव सहित नव निर्वाचित पार्षदों के शपथ उपरांत नगर निगम का प्रथम सम्मेलन आयोजित कर अध्यक्ष (स्पीकर) तथा अपील समिति के 4 सदस्यों का निर्वाचन कराया जाना है। 8 मार्च 2025 शनिवार को टाउन हाल में आयोजित नगर पालिक निगम राजनांदगांव के प्रथम सम्मेलन में जिलाधीश व जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की उपस्थिति में अध्यक्ष एवं अपील समिति के सदस्यों का निर्वाचन किया जायेगा।

प्रथम सम्मेलन के संबंध में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि अध्यक्ष के पद का निर्वाचन करने हेतु नगर पालिक निगम के प्रथम सम्मेलन 8 मार्च 2025 को टाउन हाल में अपरान्ह 12:00 बजे से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आहुत की गयी है। निर्वाचन की प्रक्रिया के तहत 8 मार्च को टाउन हाल में अपरान्ह 12:00 बजे से 12:30 बजे तक पीठासीन अधिकारी के समक्ष नाम निर्देशन पत्रों की प्रस्तुती होगी, उसके पश्चात नाम निर्देशन की सूक्ष्म जॉच एवं आपत्तियों का विनिश्चयन पीठासीन अधिकारी के समक्ष अपरान्ह 12:30 बजे से 1:00 बजे के मध्य होगा तथा अपरान्ह 1:00 से 1:30 बजे तक अभ्यार्थियो का नाम वापस लिया जायेगा, साथ ही अपरान्ह 2:00 बजे से 2:30 बजे तक यदि आवश्यक होगा तो मतदान किया जायेगा। मतदान के तत्काल पश्चात मतगणना होगी। निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति में नाम वापसी के तत्काल बाद परिणाम की घोषणा होगी। यदि निर्वाचन की स्थिति बनती है तो मतगणना के तत्काल बाद परिणाम की घोषणा होगी।

## अपील समिति के सदस्यों का होगा निर्वाचन

### अध्यक्ष के लिए भाजपा में लाबिंग तेज

आगामी आठ मार्च को होने वाले निगम अध्यक्ष के चुनाव को लेकर भाजपा के दावेदारों ने लाबिंग तेज कर दी है। अध्यक्ष के लिए भाजपा में सीनियर पार्षद पारस वर्मा और शिव वर्मा का नाम सामने आ रहा है। सामान्य वर्ग से तीन बार की पार्षद मणिभास्कर गुप्ता, आलोक श्रोती, शैंकी बग्गा, राजा माखीजा अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि आगामी 2 मार्च को पर्यवेक्षक सांसद रूपकुमारी चौधरी यहां पार्षदों से रायशुमारी करेंगी। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से भी मंत्रणा करने के बाद पैनल तैयार किया जाएगा। आगामी 8 मार्च को शपथ ग्रहण के पहले अध्यक्ष पद के प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी।




### अपील समिति में चार पार्षदों का होगा निर्वाचन

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया अपील समिति के लिये 4 पार्षदो का निर्वाचन दोपहर 3:00 बजे से अनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रणीय मत द्वारा कराया जाना है। निर्वाचन की प्रक्रिया के तहत 8 मार्च को टाउन हाल में अपरान्ह 3:00 बजे से 3:30 बजे तक पीठासीन अधिकारी के समक्ष नाम निर्देशन पत्रों की प्रस्तुती होगी, उसके पश्चात नाम निर्देशन की सूक्ष्म जॉच एवं आपत्तियों का विनिश्चयन पीठासीन अधिकारी के समक्ष 3:30 बजे से 3:45 बजे के मध्य होगा तथा अपरान्ह 3:45 से 4:00 बजे तक अभ्यार्थियो का नाम वापस लिया जायेगा, साथ ही अपरान्ह 4:15 बजे से 5:15 बजे तक यदि आवश्यक होगा तो मतदान किया जायेगा। मतदान के तत्काल पश्चात मतगणना होगी। निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति में नाम वापसी के तत्काल बाद परिणाम की घोषणा होगी। यदि निर्वाचन की स्थिति बनती है तो मतगणना के तत्काल बाद परिणाम की घोषणा होगी।

## सार समाचार

### संध्या महाआरती 4 प्रहर आरती के साथ संपन्न

**राजनांदगांव।** बीते 4 दिनों से श्री बागेश्वर धाम मंदिर में चल रहे महाशिवरात्रि महोत्सव, संध्या श्री शिवगंगा (काशी विश्वनाथ के तर्ज पर)



महाआरती चार प्रहर आरती के साथ संपन्न हुआ। श्री बागेश्वर धाम मंदिर सेवक पंकज गुप्ता, विजय गुप्ता, भावेश अग्रवाल, सूरज गुप्ता, शरद गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, राजेश शर्मा, सौरभ गुप्ता व प्रज्ञा गुप्ता ने बताया कि महाशिवरात्रि अवसर पर सुबह 5 बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में लगी रही, जो रात्रि 1 बजे तक चलती रही। दुर्ग रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, गोंदिया, नागपुर समेत अन्य स्थानों से भक्तों ने पहुंचकर श्री बागेश्वर महादेव का दर्शन किया। सुबह 11 से 1.30 बजे तक श्री बागेश्वर महादेव, प्रभु श्रीराम, पार्थिव शिवलिंग पूजन 12 यजमानों व शिवभक्तों द्वारा किया गया। तत्पश्चात ढोल नगाड़ों से भगवान शिवजी की महाआरती की गई। संध्या 7 बजे श्री शिवगंगा महाआरती (काशी विश्वनाथ आरती की तर्ज पर) लगभग 45 मिनट चली। शिवभक्तों द्वारा तीन आरती कर्ताओं पंडितो द्वारा, मंत्र, गणेश, वंदना , राधाकृष्ण भजन, श्रीराम स्तुति, महाकाल, शिव आरती, माता जगदंबा आरती, शिव स्त्रोत, कर्पूर गौरम के साथ विहंगम अलौकिक दृश्यों के साथ-साथ आतिशबाजी के साथ हुई। दिनभर प्रसादी वितरण मंदिर में किया गया। इस अवसर पर मंदिर में महापौर मधुसूदन यादव, कलेक्टर संजय अग्रवाल सपरिवार, शारदा तिवारी, कोमल सिंह राजपूत, डॉ. मिथलेश शर्मा, रघ्घु शर्मा, सौरभ कोठारी, श्री पटेल, बिट्टू गुप्ता, आकाश चोपड़ा आदि शामिल हुए। उक्त जानकारी बागेश्वर मंदिर सेवक अजय गुप्ता द्वारा दी गई।

### दिव्य प्रेरणा प्रकाश ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

**राजनांदगांव।** पूज्य संतश्री आशारामजी बापू प्रेरित बाल संस्कार विभाग द्वारा जिले में दिव्य प्रेरणा प्रकाश ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह



प्रतियोगिता क्षेत्रीय स्तर में तीन चरणों में आयोजित की गई। प्रत्यके क्षेत्र से अव्वल रहने वाले एक-एक विद्यार्थियों को जिला स्तरीय दिव्य प्रेरणा प्रकाश ज्ञान प्रतियोगिता में शामिल किया गया। यह प्रतियोगिता राजनांदगांव के अलावा गंडई तथा मोहला में भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रत्येक वर्ग के विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया गया। प्रथम पुरस्कार स्मार्ट घड़ी, द्वितीय पुरस्कार स्टडी टेबल व तृतीय पुरस्कार हॉट केस दिया गया। शेष विद्यार्थियों को अन्य पुरस्कार के साथ प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इसके अलावा प्रत्येक विद्यालय को शील्ड प्रदान किया गया। बाल संस्कार के जिला प्रमुख संजय साहू ने बताया कि दिव्य प्रेरणा प्रकाश ज्ञान प्रतियोगिता प्रतिवर्ष जिले के अलग-अलग क्षेत्रों व गांवों में किया गया। प्रथम वर्ग में कक्षा 3 से 5, द्वितीय वर्ग कक्षा 6 से 8 व तृतीय वर्ग कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी प्रतियोगिता में भाग लिए। प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार दिया गया।

### एकटकन्हार के नए पावर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत

**राजनांदगांव।** राज्य शासन की मंशानुरूप समूचे छत्तीसगढ़ में गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा पारेषण व वितरण प्रणाली का



सुदृढ़ीकरण एवं क्षमता वृद्धि का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इसी कड़ी में नवीन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के ग्राम एकटकन्हार (मोहला) स्थित 132/33 केव्ही अति उच्चदाब उपकेन्द्र में लगभग 5 करोड़ रुपए की लागत से 40 एमव्हीए के अतिरिक्त नए पॉवर ट्रांसफार्मर को ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला के करकमलों द्वारा ऊर्जीकृत किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक सबस्टेशन आनंद राव, संजय पटेल, राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट, अधीक्षण अभियंता पीपी सिंह, शंकेश्वर कंवर, सुनील कुमार भुआर्य, कार्यपालन अभियंता एके रामटेके, वीरेन्द्र कुमार, एमआर सिरके, रूबी चंद्राकर, सहायक अभियंता भूषण वर्मा, प्रवीण शुक्ला, शिरीष मिलिंद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान जारी

# 1176 बकायेदारों से वसूले 93 लाख काटे गए 869 बिजली कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा राजनांदगांव शहर में बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूली के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें मॉस डिस्कनेक्शन के लिए गठित अधिकारी-कर्मचारियों की टीमों द्वारा शहर के 1176 बकायेदार उपभोक्ताओं से 93 लाख 87 हजार रुपए की राशि की वसूली की गई तथा समझाइश के बाद भी बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले 869 बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन काट दी गई है।

विदित हो कि बिजली कंपनी द्वारा बिजली बिल देयकों के भुगतान में विलंब होने पर उपभोक्ताओं का लगातार ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है। जिससे वे बिजली बिल समय पर जमा कर दें। मैदानी अधिकारी एवं उनकी टीम बकायेदार उपभोक्ताओं के पास पहुंचकर बिजली बिल पटाने अनुरोध भी कर रहे हैं। राजनांदगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता आरके गोस्वामी ने बताया कि घरेलू एवं गैर घरेलू कनेक्शनों के बकायेदारों के साथ ही औद्योगिक श्रेणी के बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदन एवं बकाया राशि वसूली की कार्रवाई की जा रही है।

### कार्रवाई से मची खलबली

इस अभियान के तहत राजनांदगांव राजनांदगांव शहर में 869 उपभोक्ताओं के कनेक्शन जिन पर 86 लाख रूपए की राशि बकाया था, ऐसे बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन बकाया भुगतान नहीं किए जाने पर काट दिए गए हैं।



### सूर्य घर योजना का भी प्रचार

राजस्व वसूली के लिए तैनात अधिकारियों द्वारा केंद्र शासन द्वारा संचालित पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 300 यूनिट तक फ्री बिजली एवं शासन द्वारा प्रदत्त सब्सिडी बारे में जानकारी भी दी जा रही है। इस दौरान मीटर रीडिंग के लिए अनुबंधित रीडरों द्वारा संपादित किए जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया जा रहा है।

### भुगतान के लिए ऐप की सुविधा

श्री गोस्वामी ने बताया कि इस अभियान के साथ ही उपभोक्ताओं को लाइन विच्छेदन से बचने समय पर विद्युत बिल राशि का भुगतान मोर बिजली ऐप के माध्यम से करने प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही उन्हें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदत्त 400 यूनिट तक हॉफ बिजली बिल योजना के संबंध में भी जानकारी दी जा रही है।

### सरकारी विभागों पर भी शिकंजा

उन्होंने बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील करते कहा है कि विद्युत देयकों का भुगतान नियमित रूप से करें, ताकि विच्छेदन की कार्रवाई से होने वाली असुविधा से बचा जा सके। बिजली बिल का नियमित भुगतान नहीं करने पर उपभोक्ताओं को राज्य सरकार की बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ भी नहीं मिल पाएगा, क्योंकि बिजली का नियमित भुगतान नहीं होने से वे स्वतः अपात्र हो जाएंगे। जिले के समस्त शासकीय विभाग के प्रमुखों को पत्र प्रेषित कर अतिशीघ्र बिजली बिल भुगतान करने निवेदन किया गया है। निर्धारित समयावधि में इन लंबित देयकों के भुगतान नहीं होने की स्थिति में शासकीय विभागों के कनेक्शनों को काटने की कार्रवाई की तैयारी भी कर ली गई है।

### युसुफ सेंट्रल इंडिया रीजन सदस्य नियुक्त



**राजनांदगांव।** यंग मेंस क्रिश्चयन एसोसिएशन (वाईएमसीए) के सेंट्रल इंडिया रीजन छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र विदर्भ क्षेत्र में छत्तीसगढ़ से राजनांदगांव के डॉ. आशीष युसुफ को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर समाज के लोगों ने शुभकामनाएं दी।

### मौलिक नामदेव वक्तव्य कला में प्रथम



**राजनांदगांव।** जेएलएम गायत्री विद्यापीठ राजनांदगांव के 5वीं कक्षा के छात्र मौलिक नामदेव (सीबीएससी) वर्ष 2024-25 सत्र के हिन्दी श्रेष्ठ वक्तव्य कला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मौलिक नामदेव रीवागहन में पदस्थ व्यायाम शिक्षक दुर्गावती नामदेव व शहर के वरिष्ठ पत्रकार दिनेश नामदेव के सुपुत्र हैं। मौलिक नामदेव की इस उपलब्धि पर प्राचार्य, शिक्षक गायत्री मिश्रा, रेणुका दास व सीमा गायधाने ने बधाई दी।

## रेलवे सर्विसेज के प्रशिक्षण बाद राष्ट्रपति से मिली सोनालिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय लेखा सेवा एवं भारतीय रेलवे सुरक्षा बल सेवा, भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की।

राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के महान राष्ट्रीय प्रयास में आप सबकी महत्वपूर्ण भूमिका है। राष्ट्रपति ने उन्हें भारतीय संविधान के प्रावधानों को ध्यान में रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की संपूर्ण संस्था का आधार है।

सिविल सर्विसेज परीक्षा के माध्यम से भारतीय रेल प्रबंधन सेवा में चयनित होने वाली शहर की होनहार छात्रा सोनालिका रुचंदानी ने बताया कि प्रशिक्षण में सभी युवा प्रशिक्षु में देश की सेवा करने का जज्बा पैदा करने हेतु एवं देश को 2047 में समृद्ध और विकसित भारत बनाने निष्ठा और समर्पण का संकल्प



दिलाया गया। सोनालिका ने बताया कि हमें प्रशिक्षण में रेलवे परिचालन के साथ-साथ वाणिज्य से संबंधित तकनीकी कार्यों, प्रशासनिक कर्तव्यों एवं नेतृत्व कौशल को तराशने का अवसर मिला। साथ ही हमने प्रशिक्षण के दौरान जाना कि रेलवे की सभी शाखाएं आपसी समन्वय से विकास के पहियों को तेज गति से चलाने में अपनी भूमिका निभाती है। हमने जमीनी स्तर पर होने वाले कार्यों को भी समझा और सभी युवाओं को राष्ट्रपति के मिले मार्गदर्शन से उत्साह और गौरव का संचार हुआ।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा गांजा तस्कर

## बसंतपुर पुलिस ने आरोपियों से 2.680 किलोग्राम गांजा किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से गांजा लाकर बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपियों से 2.680 किलोग्राम गांजा बरामद की गई है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध रूप से गांजा बिक्री करने वालों में हड़कंप मच गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना बसंतपुर क्षेत्र में असामाजिक तत्वों एवं अवैध गांजा, शराब एवं नशीले पदार्थों की बिक्री में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है।

### घेराबंदी कर पकड़ा

पुलिस के अनुसार चलाए जा रहे अभियान के तहत 27 फरवरी को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि राजनांदगांव बायपास फ्लाई ओवर के पास 1 व्यक्ति गांजा रखकर बिक्री हेतु ग्राहक तलाश रहे हैं। सूचना की तस्दीकी एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस स्टॉफ मौके में पहुंचकर घेराबंदी कर रेड़ कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम व पता सुखंत प्रधान 26 साल ग्राम चाकुंडापाल पोस्ट कोसला थाना छेंडीपदा जिला अनगुल (उड़ीसा) का रहने वाला बताया। आरोपी के पास रखे जामुनी रंग के बैग की तलाशी ली गई। बैंग के अंदर मादक पदार्थ गांजा कुल मात्रा 2.680 किलोग्राम कीमती 30 हजार रुपए मिला, जिसे आरोपी के कब्जे से जब्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।



### नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई

पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी ने अपने कथन में बताया कि नीरज मेश्राम निवासी महामाया चौक बसंतपुर को गांजा बेचने के लिए आना तथा अपने मोबाइल से बात करना बताया। आरोपी नीरज मेश्राम को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसके कब्जे से कैरीबैग में रखे मादक पदार्थ गांजा 140 ग्राम कीमती 5,000 रुपए को जब्त किया गया। आरोपियों का कृत्य नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध सबूत पाए जाने से मौके पर गिरफ्तार कर हिरासत में लिया गया।

### कार्रवाई अभियान जारी रहेगा

आरोपियों के खिलाफ अपराध धारा 20 (बी) नारकोटिक्स एक्ट कायम कर आरोपीगणों को ज्युडिशियल रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। आगे भी अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी व बिक्री में संलिप्त लोागें के विरूद्ध कार्रवाई जारी रहेगी। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक देवादास भारती, प्रधान आरक्षक राजेश परिहार, आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा, मुंजलाल ठाकुर, रामचरण साहू एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### वर्ल्ड थिंकिंग-डे का आयोजन

**राजनांदगांव।** लार्ड रॉबर्ट स्टीफेन्सन स्मिथ बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल ओलेव सेंट क्लेयर सोम के जन्मदिवस को डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी उत्कृष्ट विद्यालय राजनांदगांव में वर्ल्ड थिंकिंग-डे के रूप में



मनाया गया। साथ ही कार्यक्रम में हमारी कहानी है थीम पर लड़कियों में आत्मविश्वास का संचार करने, सही तरीके से जीवनयापन करने आवश्यक कौशल विकसित करने सर्वधर्म प्रार्थना विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

राज्य उपाध्यक्ष स्काउट-गाईड राजेन्द्र गोलछा ने चिंतन दिवस पर मानव सेवा एवं बेजुबान पशुओं की रक्षा, प्राकृतिक संपदाओं के संरक्षण पर जोर दिया। हमारी कहानी है थीम तहत के तहत जीवन संघर्ष कहानी से परिचित करते महिला सशक्तिकरण के लिए आत्मविश्वास जगाने अंतर्निहित साहस का विकास कर समाजसेवा करते रहने प्रेरित किया।

इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त मयूख श्रीवास्तव, जिला सचिव देवेंद्र अम्बादे, सोमिन साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष देवशरण सेन, प्राचार्य सुनीता खरे, डीडी साहू, अर्चना नेताम सहित शिक्षक एवं विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ आज होगा श्रीमद् भागवत कथा का आगाज

■ श्री अग्रसेन भवन बनेगा वृंदावन धाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल के तत्वावधान में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कल 28 फरवरी को सुबह 9 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होने जा रहा है। भव्य कलश यात्रा श्री सत्यनारायण मंदिर कामठी लाइन से प्रारंभ होकर कामठी लाइन, भारत माता चौक, तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग होते हुए श्री अग्रसेन भवन वृंदावन धाम पहुंचेगी। कलश यात्रा के श्री अग्रसेन भवन पहुंचने के पश्चात देव स्थापना इत्यादि का कार्य नगर के वरिष्ठ आचार्य पं. कालूराम शास्त्री द्वारा पूर्ण कराया जाएगा। दोपहर 03 बजे से श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ होगा।

श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव आलोक बिंदल, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू खोखरिया, सचिव रीना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रेखा अग्रवाल के अनुसार फागुन मास में श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण का विशेष महत्व बताया गया है। इसी को ध्यान में रखते समाज द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण कथा सप्ताह का आयोजन किया गया है। व्यासपीठ पर देशभर में विख्यात सुप्रसिद्ध भगवताचार्य रमेश भाई ओझा के विशेष कृपा पात्र अंचल के नवोदित भगवताचार्य पं. अर्पित भाई शर्मा विराजमान होकर अपनी सुमधुर वाणी से कथा का रसपान कराएंगे। अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया, सचिव चैतन्य अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सूरज अग्रवाल ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 03 बजे से प्रारंभ होगी। इस कथा के मुख्य यजमान स्वाति राहुल अग्रवाल हैं। प्रथम दिवस श्री भागवत महात्यम एवं गोकर्ण कथा होगी। आयोजन समिति ने नगर के श्रद्धालु माता-बहनों एवं बंधुओं से आग्रह किया है कि आधिकारिक संख्या में वृंदावन धाम अग्रसेन भवन पहुंचकर कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करें।





**खबर संक्षेप**

## किसानों के खाते में 1.54 करोड़ का भुगतान जारी



**हरिभूमि पंडरिया।** विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत स्थित लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना ने 1.54 करोड़ का भुगतान जारी किया। कारखाने के एमडी उत्तर कुमार कौशिक ने बताया कि ग्रामीण किसानों के पेराई सत्र 2024-25 में गन्ना विक्रेता कृषकों से एफआरपी 315.10 प्रति क्विंटल के मान में से पूर्व में 150.00 प्रति क्विंटल के मान से भुगतान किया गया था, जिसमे से शेष राशि 165.10 रुपए प्रति क्विंटल के मान से 24 से 29 नवम्बर 2024 तक के गन्ना विक्रेता कृषकों को 1.54 करोड़ रूपए भुगतान जारी कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया द्वारा फण्ड प्राप्त होने पर जल्द ही गन्ना विक्रेता किसानों को गन्ना राशि का भुगतान किया जाएगा।


### जैव विविधता हॉटस्पॉट के रूप में उभर रहा है क्षेत्र

# खैरागढ़ के वेटलैंड्स में रूस से आए कॉमन क्रेन और 11 सौ से ज्यादा प्रवासी बत्तख

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

वेटलैंड सर्वेक्षण के दौरान क्षेत्र मे अद्भुत जैव विविधता सामने आई है। यह क्षेत्र केवल झीलों और तालाबों का समूह नहीं है, बल्कि दुर्लभ प्रवासी पक्षियों, मछलियों और अनमोल जलीय पौधों का महत्वपूर्ण आश्रय स्थल भी है। हजारों किलोमीटर दूर से आए पक्षी यहां विश्राम करने और भोजन के लिए रुकते हैं, जिससे यह क्षेत्र प्रदेश के एक प्रमुख जैव विविधता हॉटस्पॉट के रूप में उभर रहा है। इस वेटलैंड सर्वेक्षण का आयोजन छत्तीसगढ़ बायोडायवर्सिटी बोर्ड और वन विभाग के तत्वावधान में किया गया।

शोधकार्य में शोधकर्ता समूह के प्रतीक ठाकुर, अंजल निगम, अमित पांडेय और रवि पांडेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जबकि वानस्पतिक सर्वेक्षण का कार्य प्रसिद्ध वनस्पति वैज्ञानिक डॉ फैज़ बक्स ने किया। सर्वेक्षण से स्पष्ट होता है कि यदि इस क्षेत्र को ईको-टूरिज्म से जोड़ा जाए, तो यह जगह पक्षी प्रेमियों, शोधकर्ताओं और पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बन सकता है। इसके लिए स्थानीय समुदाय की भागीदारी बेहद आवश्यक होगी। यदि ग्रामीणों को इस क्षेत्र के महत्व के बारे में जागरूक किया जाए और पर्यटन से जोड़ा जाए, तो वे स्वयं आगे आकर इस प्राकृतिक धरोहर की रक्षा करने के लिए प्रेरित होंगे। वेटलैंड सर्वेक्षण न केवल यहाँ की जैव विविधता को उजागर करता है, बल्कि प्रकृति के इन अनमोल खजानों को बचाने की जिम्मेदारी भी याद दिलाता है। यदि इन्हे संरक्षित किया जाए, तो आने वाले वर्षों में यह प्रदेश का सबसे बड़ा पक्षी विहार बन सकता है।



### जल में कीट खाने वाला अनोखा पौधा और दुर्लभ मालाबार पाइड हॉर्नबिल भी दिखा

सर्वेक्षण के दौरान 213 प्रजातियों के पक्षी दर्ज किए गए जिनमें कई दुर्लभ प्रवासी पक्षी शामिल हैं। रूस से आने वाला कॉमन क्रेन यहां का सबसे खास पक्षी है, जिसे देखने के लिए देशभर से पक्षी प्रेमी और फोटोग्राफर यहां आते हैं। इसके अलावा, स्पूनबिल्स, 90 पेंटेड स्टॉर्क्स, 1100 से अधिक प्रवासी बत्तखें जैसे नॉर्दर्न शोवलर, यूरेशियन कल्यू और कॉमन पोचार्ड) भी यहां देखा गया। बार-हेडेड गूज, पेरेग्रीन फाल्कन, मालाबार पाइड हॉर्नबिल, सरकीर माल्कोहा और ग्रे-हेडेड लैपविंग जैसे दुर्लभ पक्षी भी इन वेटलैंड्स में पाए गए हैं। सर्वेक्षण के दौरान केवल पक्षियों की गणना ही नहीं की गई, बल्कि पानी की गुणवत्ता की भी जाँच की गई। पर्यावरण संरक्षण के लिए स्कूलों और गांवों में जागरूकता अभियान चलाया गया ताकि स्थानीय लोग वेटलैंड्स के महत्व को समझ सकें। इसके अलावा, वेटलैंड्स के किनारे डस्टबिन और साइनबोर्ड लगाया गया ताकि लोग यहाँ कचरा न फैलाएँ और साफ-सफाई बनी रहे। वेटलैंड्स में केवल पक्षी ही नहीं, बल्कि कई अद्भुत जलीय पौधे और मछलियाँ भी मौजूद हैं। यहाँ यूट्रीकुलेरिया नामक कीटभक्षी पौधा पाया गया, जो पानी में मौजूद छोटे-छोटे कीड़ों को खाकर जल को स्वच्छ करता है। इसके अलावा, नाजास, वेलिसनेरिया और लिम्नोफिला जैसे जलीय पौधे प्रवासी बत्तखों के भोजन का मुख्य स्रोत हैं। मछलियों की भी कई महत्वपूर्ण प्रजातियाँ यहाँ पाई गईं, जिनमें रोहू, कतला, पोठी, मोला और टेंगना प्रमुख हैं। ये शिकारी पक्षियों के भोजन का अहम हिस्सा हैं और स्थानीय पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में मदद करती है।



## नगर भ्रमण कर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर सहित क्षेत्र में भगवान महाकाल की भव्य झांकी व पालकी निकाली गई। वहीं महाकाल सेना व महाकाल भक्तों द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर मंदिर शिवालयों में सुबह से देर रात तक विधि विधान से महाकाल भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की गई।

इस दौरान नगर में भव्य गाजे बाजे एवं झांझ-मंजीरा व डमरू के साथ बड़ी संख्या में शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। वही नगर पंचायत पाण्डातराई में नगर भ्रमण के दौरान चौंक चौराहों में हरियाणा से आए हुए कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति किया व भव्य आतिशबाजी मंदिर शिवालयों से निकलकर नगर भ्रमण करते मुख्य मार्ग से मां महामाया मंदिर के पास समापन किया गया। बाजे गाजे के साथ निकाली गई इस भव्य शोभायात्रा के दौरान डमरू, झांझ-मंजीरा व डीजे तथा धूमाल के धून पर भक्त भक्ति में नाचते गाते व थिराकते नजर आए। वहीं नगरवासियों की भारी भीड़ उमड़ी इस दौरान शिव भक्तों के द्वारा भगवान भोले नाथ की जयकारों से नगर गूंज उठी।

# विधायक ने विधानसभा में फूड पार्क स्थापना, उप-अभियंताओं की नियुक्ति सड़क निर्माण व मुख्यमंत्री सिलाई मशीन योजना के संबंध में पूछा प्रश्न?

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया विधानसभा विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा लगातार जनता की सुविधा एवं क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया जा रहा है। वहीं गुरुवार को श्रीमती भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा में फूड पार्क की स्थापना, नगर पालिका पंडरिया एवं नगर पंचायत पाण्डातराई व इंदौरी में उप-अभियंताओं की नियुक्ति, विधानसभा अंतर्गत सड़क निर्माण कार्यों और मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना के संबंध में प्रश्न किया। विधायक श्रीमती बोहरा ने पूछा कि क्या पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुई में फूड पार्क की स्थापना हेतु शासकीय भूमि को वाणिज्य एवं उद्योग विभाग को हस्तांतरित किया गया है? यदि हाँ तो हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण हुई है या नहीं? इसकी जानकारी देवें? यदि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है तो फूड पार्क की स्थापना का कार्य कब तक प्रारंभ कर लिया जाएगा? जिसके प्रति उत्तर में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने बताया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम-कुई स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 10/1 रकबा 11.498 हेक्टेयर फूड पार्क की स्थापना हेतु न्यायालय कलेक्टर जिला कबीरधाम के आदेश द्वारा वाणिज्य एवं उद्योग विभाग को हस्तांतरित किया गया है। भूमि का आधिपत्य राजस्व विभाग से उद्योग विभाग को सौंपा गया है। मंत्रि परिषद् के निर्णय के अनुक्रम में, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, मंत्रालय द्वारा, स्थापनाधीन फूड पार्कों के लिए विभिन्न विभिन्न विकासखण्डों में कलेक्टर द्वारा हस्तांतरित की गई भूमि के आदेश में वर्णित प्रयोजन फूड पार्क की स्थापना के स्थान पर फूडपार्क एवं अन्य औद्योगिक प्रयोजन वर्णित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। तत्संबंध में कलेक्टर, जिला कबीरधाम को प्रश्नाधीन भूमि के हस्तांतरण आदेश में आवश्यक संशोधन हेतु संचालनालय के माध्यम से लेख किया गया है। न्यायालय कलेक्टर जिला-कबीरधाम के समक्ष हस्तांतरण आदेश में संशोधन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। संशोधन पश्चात औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति ली जाकर अधोसंरचना विकास कार्य प्रारंभ किया जा सकेगा। उन्होने सदन में कहा कि यह फूड पार्क पंडरिया नगर के लिए बहुत ही महत्व रखता है क्योंकि इससे रोजगार के कई अवसर सृजन होगा इसलिए 14 महीनों में इसकी प्रक्रिया पूर्ण नहीं हुई है तो इसे जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए उन्होंने सदन में अपना पक्ष रखा। साथ ही उन्होंने प्रश्न किया कि नई औद्योगिक नीति के तहत यहां उद्योग लगाए जाने पर क्या उद्योग स्थापना करने वाले लोगों को सब्सिडी एवं छूट दी जाएगी। जिसके प्रति उत्तर में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री कहा कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है जल्द से जल्द फ़ूड पार्क निर्माण के कार्य को शुरू किया जाएगा साथ ही वहां उद्योग की स्थापना भी की जानी है और नई उद्योग नीति के नियमानुसार उद्योग स्थापित किये जाने पर सब्सिडी भी दी जाएगी।



### उप अभियंताओं की नियुक्ति कब और कहां: भावना

नगर पालिका पंडरिया एवं नगर पंचायत पाण्डातराई व इंदौरी में उप अभियंतायों की नियुक्ति के संबंध में भावना बोहरा ने प्रश्न किया कि नगर पालिका पंडरिया, नगर पंचायत पाण्डातराई एवं इंदौरी में उप अभियंता का पद कब से रिक्त है? विकास कार्यों के सुगम संचालन हेतु प्रशासन के द्वारा अभी क्या व्यवस्था की गई है ? उप अभियंता की अनुपस्थिति में वर्तमान में किनको प्रभार दिया गया है? यदि प्रभार दिया गया है तो किस विभाग एवं कहाँ पदस्थ कर्मचारियों को प्रभार दिया गया है? नगर पालिका पंडरिया, नगर पंचायत पाण्डातराई एवं इंदौरी में रिक्त स्थान हेतु अभियंता की नियुक्ति या पदस्थापना कब तक कर दी जाएगी? जिसके प्रतिउत्तर में लिखित जवाब देते हुए उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि नगर पालिका परिषद् पंडरिया में पदस्थ उप अभियंता श्रीमती तेजस्विनी जिरापुरे 23 सितम्बर 2024 से मातृत्व अवकाश में है। नगर पंचायत पाण्डातराई में 13 सितम्बर 2024 एवं नगर पंचायत इंदौरी गठन 06अक्टूबर 2023 से उप अभियंता का पद रिक्त है। विकास कार्यों के सुगम संचालन हेतु नगरीय निकायों के समीपस्थ निकाय में पदस्थ उप अभियंता को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। नगर पालिका परिषद् पंडरिया के विकास कार्यों के सुगम संचालन हेतु संचालनालय द्वारा विवेक रंजन तिर्की, उप अभियंता, नगर पालिका परिषद् मुंगेली को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। नगर पंचायत पाण्डातराई के कार्यों के संचालन हेतु पीएल इंदौरिया, उप अभियंता, नगर पंचायत पिपरिया को एवं कलेक्टर जिला कबीरधाम के आदेश द्वारा मूलचंद कौशिक, उप अभियंता, लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग पंडरिया को नगर पंचायत पाण्डातराई का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। नगर पंचायत इंदौरी के विकास कार्यों के संचालन हेतु संजय मोटवानी, उप अभियंता, नगर पंचायत देवकर को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### विधानसभा पंडरिया में बजट स्वीकृत के टेंडर कब जारी किए जाएंगे

पंडरिया विधानसभा में सड़क निर्माण कार्यों के संबंध में प्रश्न करते हुए विधायक श्रीमती बोहरा ने पूछा कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में बजट वर्ष 2024-25 अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के स्वीकृत कार्यों में किन-किन कार्यों का टेंडर जारी कर दिया गया है? जारी हुए टेंडर के कार्यों की कुल राशि कितनी है? जारी किए हुए कितने टेंडर खोले गए हैं? और कितने टेंडर निर्धारित दिनांक उपरांत भी नहीं खोले गए हैं? बजट में स्वीकृत शेष कार्यों के टेंडर कब तक जारी कर दिए जाएंगे? जिसके प्रतिउत्तर में लिखित जवाब देते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि पंडरिया विधानसभा अंतर्गत कुल 8 सड़क निर्माण कार्यों और 1 भवन निर्माण कार्य के लिए कुल 2964.26 लाख रुपए के टेंडर जारी किए गए हैं।

### मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना के तहत कितनी महिलाओं को सहायता पहुंचाई गई

महिला सशक्तिकरण हेतु संचालित मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना के संबंध में विधायक ने प्रश्न किया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2022-23 से 2024-25 में 30 जनवरी तक मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना के तहत कितनी महिलाओं को सहायता पहुंचाई गई है? विकास खंडवार जानकारी देवे? योजना में लाभान्वित महिलाओं हेतु क्या किसी तरह के प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है? यदि हां तो उसकी जानकारी देवें? जिसके लिखित प्रतिउत्तर में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन जी ने बताया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2022-23 से 2024-25 में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना के तहत विकासखण्ड पण्डरिया के 02 एवं सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के 01 महिला निर्माण श्रमिक इस प्रकार कुल 03 महिला निर्माण श्रमिकों को सहायता राशि प्रदान की गई है।

# वन संसाधन अधिकार पर बैठक सम्पन्न

- वनाधिकार कानून के क्रियान्वयन, कमजोर आदिवासी समूह के लिए चुनौती विषय पर चर्चा की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गुरूवार को ग्राम पचराही में कबीरधाम जिले के वन संसाधन अधिकार की बैठक आयोजित किया गया। जिस पर ग्राम निवासी गोमती बैगा ने कहा कि वनाधिकार कानून के 20 वर्षो बाद भी हमे अपनी जमीन पर अधिकार नहीं मिला है वहीं दर-बदर भटकने मजबूर है। साथ ही साथ शासन प्रशासन व जिला कलेक्टर से अपनी गुहार लगाएंगे।

बैगा समुदाय जो कि एक संरक्षित एवं कमजोर आदिवासी समूह है, वनों पर पूर्णतः आश्रित है। एक तरफ उनके लिए पर्यावास अधिकारों की चर्चा चल रही है, वहीं दूसरी ओर काबिज जमीन पर उनके अधिकार अब तक मान्य नहीं हुए है। इस संदर्भ मे छत्तीसगढ़ वनाधिकार मंच द्वारा गुरूवार को कबीरधाम जिला मुख्यालय मे वनाधिकार कानून के क्रियान्वयन एवं कमजोर आदिवासी समूह के लिए चुनौती विषय पर चर्चा की गई।

सर्व आदिवासी समाज से देवन सिंह ध्रुर्वे ने बताया कि उनके गांव ने सामुदायिक वन संसाधन का दावा 2 वर्ष पूर्व किया था, लेकिन आधे-अधूरे ही अधिकार सौंपे गए और ग्रामसभा को मान्य नहीं किया जा रहा है। चोरभट्टी से आए एकता परिषद के शिकारी बैगा ने कहा कि 14 परिवारों के पास सभी दस्तावेज होने के बावजूद भी उन्हे अधिकार नहीं दिया गया।




बैठक को संबोधित करते हुए चंद्रकांत ने बताया कि यह बैठक जिले मे कार्यरत संगठन, संस्था व आदिवासी समाज प्रमुखों के बीच समन्वय स्थापित करने एवं वनाधिकार की प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए आयोजित की गई है। छत्तीसगढ़ वनाधिकार मंच से विजेंद्र अजनबी ने बताया कि कबीरधाम वनों के संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन के आसन्न खतरों के नजरिए से एक महत्वपूर्ण स्थल है और यहाँ बैगा व अन्य वन-निवासी समुदायों की आजीविका और विकास के लिए काफी चुनौतियाँ है। ऐसे मे ग्रामसभाओं को मजबूत करते हुए, सामुदायिक वनाधिकार के तहत संवर्धन, संरक्षण एवं प्रबंधन को मजबूत बनाना आवश्यक है। वहीं दीपक कुमार ने बताया कि जिले मे 27 गांव को संसाधन अधिकार मिले है, लेकिन आगे कोई प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। मंच के जरिये इन गांव को प्रबंधन की प्रक्रिया विकसित करने मदद की जाएगी।

यह भी चर्चा की गई कि प्रदेश के आदिवासी विभाग के पत्र अनुसार, भोरमदेव क्षेत्र मे संसाधन अधिकार दिलाने के लिए प्रयास किया जाएगा, जहां अभयारण्य के नाम पर दावों को नजरअंदाज किया जाता रहा है। जबकि प्रदेश मे ही अन्य टाइगर रिजर्व मे संसाधन अधिकार दिए गए है। बैठक मे जिले के 35 से अधिक विभिन्न संस्थाओं, संगठन व आदिवासी समाज के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। बैठक मे उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त दीपक बागरी द्वारा किया गया।

## भगतपुर-धनेली में नव-निर्वाचित सरपंच कपिल चंद्राकर का किया भव्य स्वागत



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम भगतपुर-धनेली में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नव-निवार्चित सरपंच कपिल चंद्राकर 83 मतों से विजयी हुए। जिस पर ग्रामीणों द्वारा श्री चंद्राकर का रंग-गुलाल व फूल-माला से भव्य स्वागत किया गया। जिससे ग्राम पंचायत भगतपुर-धनेली के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भारी उत्साह व उमंग का माहौल बना हुआ है। नव-निर्वाचित सरंपच पद से ग्रामीणों व आसपास क्षेत्रवासियो को विकास कार्य व मूलभूत सुविधाओं को लेकर श्री चंद्राकर से भारी उम्मीद है। नव-निर्वाचित सरंपच कपिल चंद्राकर ने कहा कि ग्राम पंचायत भगतपुर व धनेली वासियों के सहयोग से ऐतिहासिक जीत किया एवं जनता का आशीर्वाद मिला, उसके सहयोग से आज चुनाव जीत कर आया हूं साथ ही साथ ग्राम पंचायत के विकास व मूलभूत सुविधा को आगे बढ़ाऊंगा और विकास के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। जिस पर ग्रामवासी व ग्राम पंचायत भगतपुर-धनेली वासियों का आभार व्यक्त किया।

### इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन कप में खिलाड़ियों ने लिए हिस्सा

# बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में सत्येंद्र मेरावी को मिला कांस्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उत्तरप्रदेश बॉडी बिल्डिंग एवं फिटनेस एसोसिएशन एवं लखनऊ बॉडी बिल्डिंग तथा फिटनेस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वधान में इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन 14वीं फेडरेशन कप राष्ट्रीय स्तर बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 23 फरवरी को किया गया। जिसमे कबीरधाम जिला बॉडी बिल्डर्स एसोसिएशन की ओर से बॉडी बिल्डिंग में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए सत्येन्द्र मेरावी ने अपने 55 किलो ग्राम ग्रुप में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया। जिसमे सत्येंद्र को नगद पुरस्कार 10000 रूपए, मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र दिया गया। इस प्रतियोगिता में पदक प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर कबीरधाम का नाम रौशन किया। इंडिया बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन में पदक प्राप्त करना अपने आप में बहुंत ही गर्व की बात है, क्योंकि इस प्रतियोगिता में देश भर से खिलाड़ी बहुत अच्छी तैयारी के साथ भाग लेते है, बॉडी बिल्डिंग में खिलाड़ी को अपने डाइट का बहुत ध्यान देना पड़ता, जिसके लिए उनके ऊपर आर्थिक भार भी बहुत आता है। इन सभी कठिनायों का सामना करते हुए सत्येंद्र ने यह पदक प्राप्त किया है।

वहीं सत्येंद्र ने मिस्टर कबीरधाम, मिस्टर छत्तीसगढ़ बेस्ट पोसर का खिताब भी अपने नाम किया है। इस उपलब्धि पर कबीरधाम जिला बॉडी बिल्डर्स एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ गोवर्धन सिंह ठाकुर, सचिव जितेन्द्र सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष अजय टाटिया, उपाध्यक्ष अजय ठाकुर, कोषाध्यक्ष छत्रपाल ठाकुर, अभिषेक सिंह, सह-सचिव राजू ठाकुर, अवधेश सिंह, संचालक विकास केशरवानी, सदस्य राजीव केशरी, मोनू, संतोष, रामचंद, महेश ठाकुर, विनोद केशरवानी, फिरोज खान, गौरव, कमलेश, अमन सिंह, सरवन, भूपेन्द्र, सोनू ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

## शहर व अंचल में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया, भंडारे का भी आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



बुधवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम धनेली में मां महामाया बोल बम समिति, महिला बोल बम समिति, बजरंग ग्रुप, मां दुर्गा समिति एवं समस्त ग्रामवासी धनेली द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान महादेव की पूजा अर्चना के लिए मंदिर देवालयों में विधि विधान से जलाभिषेक, पूजा-पाठ व श्री हरि कीर्तन गायन-वादन का भव्य आयोजन किया गया। तत्पश्चात समिति द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें मां महामाया बोलबम समिति सदस्य रोहित साहू, लखन साहू, बीरबल साहू, उमेश साहू, संतोष साहू, सियाराम साहू, कृष्णा साहू तथा बोलबम समिति समस्त गण, महिला कीर्तन मंडली सहित ग्राम के वरिष्ठ जन बल्लू राम साहू, गौतम साहू, श्रवण साहू सहित ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**


### डीयू ने सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी किया

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विश्व विद्यालय ने अपने विभिन्न पाठ्यक्रम के सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर-जनवरी 2024-25 के परिणाम जारी कर दिए हैं। इस संबंध में दुर्ग के हेमचंद विश्व विद्यालय प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक इसमें एमएससी भौतिकी प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम ओवरऑल 82.69 प्रतिशत, एमएससी वनस्पति विज्ञान प्रथम सेमेस्टर 89.47 प्रतिशत, एमकॉम तृतीय सेमेस्टर 89.15 प्रतिशत रहा है। परीक्षा परिणाम विवि की वेबसाइट में अपलोड किया है।

# नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित 27 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 2 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद नगर पालिका परिषद कवर्धा में 6 वें अध्यक्ष के रूप में नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी 2 मार्च दिन रविवार को पद व गोपनीयता की शपथ लेगें। साथ में नगर पालिका के 27 वार्डो के निर्वाचित पार्षदगण भी अपने पार्षद पद की शपथ लेगें। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अपने पार्षद टीम के साथ अध्यक्षीय कार्यकाल के शपथ ग्रहण का न्यौता देने सर्वप्रथम सिद्वपीठ श्री खेड़ापति हनुमान जी दादा के दरबार पहुंचे। कार्यक्रम मे छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय के आतिथ्य में शपथ ग्रहण कार्यक्रम में संपन्न होगा। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी व पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 02 मार्च को सरदार पटेल मैदान में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में छन्नू निर्मलकर व साथी द्वारा भजन कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। मंदिरों से पहुंचे पुजारीजन, ब्राम्हणों की पवित्र मंत्रोच्चारण, शंखनाद, भारतमाता की जयघोष के साथ-साथ समाज प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शपथ ग्रहण कार्यक्रम की शुरूवात होगी। कवर्धा शहर की जनता साक्षी बनकर शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होगें। साथ ही नगर पालिका परिषद कवर्धा के स्वच्छ भारत अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वच्छता दीदीयों की विशेष उपस्थिति में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न होगा।



#### प्रथम निमंत्रण देवी-देवताओं को

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल के शपथ ग्रहण के पूर्व कवर्धा के राजा भोरमदेव मंदिर, श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर, पंचमुखी बुढ़ामहादेव मंदिर व अन्य देवी मंदिरों में पहुंचकर शपथ ग्रहण आमंत्रण स्वीकार करने मत्था टेंका। कवर्धा शहर की विकास व सुव्यवस्थित कवर्धा-सुंदर कवर्धा बनाने हेतु आर्शीवाद मांगा। नपाध्यक्ष चंद्रवंशी ने कवर्धा शहर की देवी-देवताओं को प्रथम निमंत्रण स्वीकार करने आग्रह किया। साथ ही कवर्धा शहर के जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों, संस्थाओं, गणमान्य नागरिकों शपथ ग्रहण निमंत्रण देने स्वयं पहुंच रहे है।

#### नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने की अपील

नगर पालिका परिषद कवर्धा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कवर्धा शहर की प्रत्येक मतदाता, जनता, गणमान्य नागरिकों को शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की अपील की। उन्होनें अपील करते हुए कहा कि मुझे जिस उम्मीद से कवर्धा शहर का प्रथम नागरिक चुना है उन उम्मीदों पर खरा उतरने हर संभव प्रयास किया जायेगा। छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की परिकल्पना को साकार करने व कवर्धा शहर को स्वच्छ शहर-सुंदर शहर बनाने हेतु पूरा नगर पालिका टीम संकल्पित रहेगा। उन्होनें अनुरोध करते हुए कहा कि कवर्धा शहर के प्रत्येक व्यक्ति शपथ ग्रहण में शामिल होकर कार्यक्रम की साक्षी बनें।

**परीक्षा:** ग्रामीणों एवं वनांचल के परीक्षा केन्द्रों में रखनी होगी पैनी नजर

# बोर्ड परीक्षाएं 1 मार्च से, जिले में नकल रोकने के इंतजाम नाकाफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा 1 मार्च से आयोजित की जाने वाली बोर्ड परिक्षाओं की तैयारियों में जिला शिक्षा विभाग जुटा हुआ है। कक्षा दसवीं एवं कक्षा बारहवीं की बोर्ड परिक्षाओं को जिले में व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित कराने के लिए जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिसके लिए विभाग ने संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी दे रखी है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत 1 मार्च से कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ की जाएंगी जो 28 मार्च तक चलेंगी। इसी प्रकार 3 मार्च से दसवीं की बोर्ड परिक्षाएं आयोजित की जाएंगी जो 24 मार्च तक चलेंगी। जिला स्कूल शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष जिले में कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 8715 पंजीकृत परिक्षार्थी शामिल होंगे जिनके लिए जिले में कुल 68 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं वहीं कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 12467 पंजीकृत परिक्षार्थी शामिल होंगे। विभाग के अनुसार कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा को व्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित कराने के लिए जिले भर में कुल 75 परीक्षा केन्द्र बनाएं गए है। जिसमें परीक्षा के दौरान सुरक्षा, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है। इसी प्रकार विभाग द्वारा बोर्ड परिक्षाओं के दौरान नकलचियों पर नजर रखने और नकल को रोकने के लिए विभाग स्तर पर दो उड़नदस्ता गठित किए जा रहे हैं। जो परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों में नजर रखेंगे।

#### ग्रामीण व वनांचल इलाकों में बड़े पैमाने पर होती है नकल




सूत्रों की माने तो बोर्ड परिक्षाओं के दौरान विशेषकर जिले के कुछ ग्रामीण और वनांचल के अंदूरूनी ईलाकों के परीक्षा केन्द्रों में बड़े पैमाने पर नकल होती है और कराई भी जाती है। सूत्रों की माने तो जिले के विकासखण्ड बोड़ला, स लोहारा, कवर्धा तथा पंडरिया क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में संचालित शासकीय हाई स्कूल तथा हायर सकेण्डरी स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता काफी दयनीय है। इन स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों की घोरलापरवाही, विभाग के आला अधिकारियों की अनदेखी तथा गैरजिम्मेदारी इसका प्रमुख कारण है। ऐसे में इन क्षेत्रों के सरकारी स्कूल प्रशासन द्वारा बोर्ड कक्षाओं के परीक्षा परिणाम के लिए दिए गए लक्ष्य को हांसिल करने के लिए नकल का सहारा लिया जाता है। सूत्रों की माने तो कई परीक्षा केन्द्रों में तो सुनियोजित ढंग से बकायदा सामूहिक नकल कराई जाती है। माना तो यह भी जाता है कि यही वजह है कि बीते कई वर्षो से जिले में बोर्ड परिक्षाओं के दौरान एक भी नकल प्रकरण सामने नहीं आ रहा है।

#### 75 परीक्षा केन्द्रों के लिए मात्र आधा दर्जन उड़नदस्ता

यहां बताना लाजिमी होगा कि कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परिक्षाओं के दौरान जिले में नकल रोकने और नकलचियों पर नजर रखने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन स्तर पर जो व्यवस्थाएं की जाती है वह नकाफी जान पड़ती है। गौरतलब है कि इस बार भी जिले में बोर्ड परिक्षाओं के लिए बनाए जा रहे कुल 75 परीक्षा केन्द्रों में नजर रखने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कुल दो उड़नदस्ता गठित किए जा रहे हैं। वहीं जिला प्रशासन द्वारा तहसील स्तर पर संभवतः तीन उड़नदस्ता गठित किए जा रहे हैं। ऐसे में समझा जा सकता है कि स्कूल शिक्षा विभाग व प्रशासन द्वारा गठित करीब आधा दर्जन उड़नदस्ता कबीरधाम जिले के कुल 4,447.5 वर्ग किलोमीटर में संचालित 75 परीक्षा केन्द्रों में कैसे नजर रख सकता है। निश्चित रूप से एक समय पर इन 75 परीक्षा केन्द्रों में नजर रख पाना गठित अपर्याप्त उड़नदस्ता के लिए नमुमकिन है। ऐसे में प्रशासन को इसके लिए और भी बेहतर और पुख्ता इंतजाम किए जाने चाहिए। ताकि बोर्ड परिक्षाएं पूरी पारदर्शिता के साथ संचालित हो सके।

# मैदानी इलाकों से लेकर वनाचलों में धड़ल्ले से जारी है अवैध मुरूम का खेल



- खनिज व वन विभाग नहीं कर रहा अवैध मुरूम खनन पर कोई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के मैदानी ईलाकों से लेकर वनांचल ईलाकों में बीते कई वर्षो से अवैध मुरूम उत्खनन का कार्य जोरों से चल रहा है।

आलम ये है कि लोगों द्वारा बिना अनुमति और नियम कायदों को ताक में रखकर मनमाने ढंग से मुरूम का उत्खनन किया जा रहा है। हैरानी की बात है कि इस पर न तो खनिज विभाग कोई कार्यवाही कर रहा है और न ही राजस्व तथा प्रशासनिक आला अधिकारी इसकी सुध ले रहे हैं। हां इतना जरूर है कि कभी कभार खनिज विभाग महज खानापूर्ति की नियत से अवैध ढंग से मुरूम परिवहन करने वाले वाहनो की धरपकड़ कर देता है। लेकिन जिस सरकारी भूमि से अवैध ढंग से मुरूम का उत्खनन किया जाता है।

वहां न तो खनिज विभाग की टीम पहुंचती है और न ही कोई कार्यवाही की जाती है। जिससे इस कार्य में लगे लोगों के हौसले बुलंद है और वे चोखी कमाई कर रहे हैं। जिले के विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र की बात की जाए तो यहां अवैध मुरूम खनन के कारोबार में लगे वन भूमि से भी अवैध ढंग से मुरूम खनन करने में गुरूरेज नहीं कर रहे है।

इन लोगों द्वारा प्रतिदिन बड़ी मात्रा में वन भूमि से अवैध मुरूम का खनन कर पर्यावरण तथा जंगलों को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। बावजूद इसके वन विभाग द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है।

# गुरुकुल स्कूल के छात्रों ने सिल्वर जोन ओलम्पियाड में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



सिल्वर जोन ओलम्पियाड के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय अंग्रेजी ओलम्पियाड प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई।

इस प्रतियोगिता में अधिकाश शालाओं के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभागिता निभाकर उत्कृष्टता हासिल करने का भागीरथ प्रयास किए। गुरुकुल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए स्वर्ण रजत कांस्य पदक प्राप्त कर शाला परिवार को कबीरधाम जिले में गौरवान्धित किए जिसमें अदिती सोनी, आराध्या कौशिक, वरूनी राय ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए एवं पार्थवी ठाकुर ओजस्वित मरकाम, काव्या शर्मा ने रजत पदक, राजवीर सिंह ताकुर रुद्राक्ष कुमार शर्मा ने कांस्य पदक प्राप्त कर पूरे राज्य में कबीरधाम जिले का नाम रोशन किए। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्था के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारीगण तथा शाला के प्रभारी प्राचार्य ने पूरे विद्यालय परिवार को बधाइयों व हार्दिक शुभकामनाएं दी।

गौरतलब है कि गुरूकुल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी शैक्षणिक गतिविधियों के साथ अन्य गतिविधियों में भी लगातार अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर जिले व स्कूल का नाम रोशन कर रहे है।

# ग्राम आंछी-बानो में रही महाशिवरात्रि मेले की धूम



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

प्रसिद्ध प्राचीन धार्मिक, स्थल आँछी- बानो में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर गत 26 फरवरी को मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माँ दुर्गा मंदिर एवं महादेव भोलेनाथ जी के मन्दिरो में लोग ने बड़ी संख्या में पूजा अर्चना की। वहीं लोगों ने मेला में चाट- गुपचुप, मनिहारी, मिठाई, फल दूकानो में भी जमकर खरीदी की। मेला में लोगों के मनोरंजन के लिए देशी झूले भी लगाए गए थे जिनका लोगों ने जमकर आनंद लिया। बच्चो का ध्यान खिलौने की ओर अधिक था, तरह-तरह के खिलौने से दुकान सजी हुए थी जिसमें बच्चों की खासी भीड़ देखी गई। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस मेले का लोगो को सालभर इन्तजार रहता है और लोग इसका भरपूर आनंद लेते हैं।

# कुंडपानी मे छठवीं वाहिनी व ग्रामीणों ने धूमधाम से मनाई महाशिवरात्रि



हरिभूमि न्यूज ⏭ चिल्फीघाटी

सनातन वैदिक धर्म के पावन पर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर छठवीं वाहिनी रायगढ़ बी कंपनी कुंडपानी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्थानीय भोलेनाथ के मंदिर में अखंड रामायण का पाठ का भव्य आयोजन गत मंगलवार को प्रारंभ किया गया और महाशिवरात्रि के दिन इसका विधिवत समापन हवन, पूजन, भंडारे के साथ किया गया। जिसमें क्षेत्र के बोककरखार, शंभूपीपर, महलीघाट, आमापानी, कबरीपथरा तथा आसपास के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की तथा भण्डारा में प्रसादी ग्रहण की। कैंप के जवानों और ग्रामिणों के आपसी से यह कार्यक्रम भव्य रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पूरे आयोजन को सफलता पूर्वक आयोजित करने में कंपनी कमांडर आरपी मिश्रा, पीसी मथुरा पोर्ते, एपीसी उदयभान, हेड कांस्टेबल संतोष सूर्यवंशी, निलांबर नेगी, विनोद भगत एवं सभी जवानों का सराहनीय योगदान रहा।

**प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यों की जनपदवार सीईओ ने की समीक्षा**

# प्रधानमंत्री आवास का निर्माण गुणवत्ता के साथ समयसीमा में पूर्ण कराएं




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत कबीरधाम जिले में निर्माणाधीन आवासों की समीक्षा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय त्रिपाठी द्वारा की गई। इस समीक्षा में ग्राम पंचायतों के कार्यों की प्रगति की चर्चा की गई, और मैदानी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सीईओ श्री त्रिपाठी ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले को 42,701 आवासों का निर्माण लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसे समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाना आवश्यक है। उन्होंने सभी सीईओ जनपद पंचायतों एवं तकनीकी सहायक कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे लगातार अपने कार्यक्षेत्र का भ्रमण करें, ताकि आवास निर्माण के लिए आवश्यक सामग्री, जैसे रेती, गिट्टी, सीमेंट, ईंट आदि समय पर और उचित मूल्य पर उपलब्ध हो सके। साथ ही, लाभार्थियों को निर्माण के दौरान तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया जाए। समीक्षा बैठक में जनपद पंचायतों ने अपने लक्ष्य की पूर्ति के लिए विस्तृत कार्य योजना प्रस्तुत की। जनपद पंचायत बोड़ला ने 30 मार्च 2025 तक 5,885 आवासों के निर्माण का लक्ष्य बताया, जबकि जनपद पंचायत कवर्धा में 4,194, सहसपुर लोहारा में 3,719 और पंडरिया में 7,272 आवास निर्माण का लक्ष्य है। जिला पंचायत सीईओ श्री त्रिपाठी ने कहा कि निर्माण सामग्रियों के साथ-साथ सेंट्रिक प्लेट और प्रशिक्षित मिस्त्रियों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान योजना) के तहत महिला स्व-सहायता समूहों को सेंट्रिक प्लेट व्यवसाय से जोडऩे के निर्देश दिए गए, ताकि आजीविका संवर्धन की गतिविधियां बढ़ सकें। उन्होंने आवास निर्माण में उच्च गुणवत्ता की सामग्रियों के उपयोग के कड़े निर्देश दिए और कहा कि जिले के आवासहीन ग्रामीण परिवारों को पक्का आवास समय पर मिलना चाहिए। किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बैठक में सभी सीईओ जनपद पंचायत, कार्यक्रम अधिकारी, विकासखंड समन्वयक, सभी तकनीकी सहायक और जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण, पीएमश्री योजना के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर कार्यशाला



**कवर्धा।** पीएमश्री योजना के तहत राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय, कबीरधाम में 25 फरवरी 2025 से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई.) और मशीन लर्निंग (एमएल) पर 30 घंटे का व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जो 1 मार्च 2025 तक चलेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 63 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं, जो पायथन प्रोग्रामिंग के माध्यम से ए.आई. और एमएल के महत्वपूर्ण पहलुओं, जैसे डेटा विश्लेषण, मशीन लर्निंग एल्गोरिदम, और न्यूरल नेटवर्क, में आवश्यक कौशल प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख उपस्थितगण में प्राचार्य एनके लांजेवार, पीएमश्री प्रभारी शुभम गर्ग (पीजीटी जीवविज्ञान), कंप्यूटर प्रभारी रामानंद धुरी (टीजीटी कंप्यूटर विज्ञान), सुश्री विनीता देवांगन (टीजीटी विज्ञान), राकेश लाखीवाल (पीजीटी इतिहास), रा.इ.सू.प्रौ.सं. से अंजन कुमार जोशी (समन्वयक, छत्तीसगढ़ क्षेत्र), और प्रकाश बिशी (एआई-एमएल ट्रेनर) उपस्थित थे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों को तकनीकी कौशल और रोजगार क्षमता में सुधार लाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। सत्र के अंत में एक आंतरिक मूल्यांकन किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों की प्रगति और समझ का आकलन किया जा सके। यह पहल सिद्धांत और वास्तविक जीवन के अनुप्रयोगों के बीच की खाई को पाटने के लिए है, जिससे छात्रों के तकनीकी कौशल और भविष्य के रोजगार अवसरों में सुधार होगा।